आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 35, अंक 156, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 14

मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर भी मुहर

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने विकास से जुड़ी कई योजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये

मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने



बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

## जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने



में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे इसकी सूचना रजिस्ट्रार (भर्ती) को दे सकते हैं। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। आरक्षण का लाभ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायकों, सहायक लाइब्रेरियन, कनिष्ठ अदालत सहायकों और चैंबर अटेंडेंट को मिलेगा।

# व्यापारी का रेता गला फिर गोली मारकर की हत्या

सेमरी(रायबरेली)

- बदमाशों ने छत पर सोते समय वारदात को दिया अंजाम
- पत्नी को भी बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

**अमृत विचारः** महरानीगंज गांव में बदमाशों ने घर की छत पर सो रहे दंपति पर हमला कर दिया। रात के अंधेरे में बदमाशों ने गल्ला व्यापारी का पहले गला रेता। इसके बाद ताबड़तोड़ चाकू से कई वार किए, फिर गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं उसकी पत्नी को भी बदमाशों ने गोली मार दी। घटना में व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर है। महिला को जिला अस्पताल से एम्स रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर एसपी डा. यशवीर सिंह, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौकी अंतर्गत महरानीगंज गांव गल्ला व्यापारी सुखदेव (45) अपनी पत्नी सरोजनी (40) के साथ छत पर सो रहा था। देर रात बदमाशों ने छत पर सो रहे सुखदेव पर हमला कर दिया। पहले उसका गला रेता उसके बाद चाकू से कई वार किए। इसके बाद सुखदेव के साथ ही बगल में सो रही पत्नी सरोजनी देवी को भी गोली मार दी। इससे सुखदेव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी सरोजनी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वारदात के वक्त घर में सो रहे चार बच्चों ने कमरे का दरवाजा बंद कर शोर मचाया और फोन से परिजनों को सूचना दी। अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावर फरार हो गए। आनन-फानन में खीरों थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने जल्द घटना का खुलासा करने की बात कही है। व्यापारी के पिता दयाराम ने बताया कि वह बड़े बेटे आनंदपाल लोधी के साथ रामनगर गांव में रहते हैं। सुखदेव अपनी पत्नी सरोजनी और चार बच्चों के साथ महरानीगंज में रोड किनारे घर बनाकर रहता था।

# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी। वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

एप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और





स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। इसमें न केवल सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेलवे सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। एप सिंगल साइन-ऑन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती। रेलवन एप डाउनलोड करने के बाद, कोई भी व्यक्ति रेल कनेक्ट या यूटीएसऑनमोबाइल एप की मौजूदा आईडी से लॉग इन कर सकता है। इससे अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे डिवाइस स्टोरेज की बचत होती है। आर-वॉलेट (रेलवे ई-वॉलेट) सुविधा भी एप में जोड़ी गई है। संख्यात्मक एमपिन व बायोमेट्रिक लॉगिन जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

### टिकट बुकिंग से लेकर ढेरों सुविधाएं मिलेंगी

रेल मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है।

### केवल पूछताछ करने के लिए अतिथि लॉगिन

नए उपयोगकर्ताओं के लिए न्यूनतम जानकारी देकर पंजीकरण करने का प्रावधान है, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया आसान और तेज हो जाती है। जो उपयोगकर्ता केवल पूछताछ करना चाहते हैं, वे अपने मोबाइल नंबर और ओटीपी के साथ अतिथि लॉगिन के माध्यम से भी लॉग इन कर सकते हैं।

# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस





- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल

और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस



पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।

शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।

### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

## सार-संक्षेप

### स्कूलों के विलय का विरोध, मंत्री- विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने 50 से कम छात्रों वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय की नीति का विरोध किया है। जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने राज्यमंत्री सतीश शर्मा और विधायक दिनेश रावत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में जिला संयुक्त मंत्री सकिब किदवाई, जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, जिला महिला उपाध्यक्ष श्रीती बैसवार समेत विभिन्न ब्लॉक के अध्यक्ष और शिक्षक मौजूद रहे।

### स्कूल मर्जर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**बाराबंकी : अमृत विचार :** प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष रामकुमार लोधी के साथ कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शन में इनमें राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, नेकचंद्र त्रिपाठी, के.सी. श्रीवास्तव, फरीद अहमद और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### अब्दुल हमीद व अब्दुल कय्यूम अंसारी को दी श्रद्धांजलि



पसमान्दा मुस्लिम महाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की बैठक सट्टी बाजार स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में दो महान विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि अब्दुल हमीद और अब्दुल कय्यूम अंसारी अपने क्षेत्रों में प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब्दुल हमीद ने देश की रक्षा में प्राण दिए। अब्दुल कय्यूम अंसारी ने गरीबों और कमजोर वर्गों की सेवा में जीवन समर्पित किया।

### इमाम हुसैन की याद में सबील का आयोजन



प्रसाद बांटते नगर कोतवाल। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की याद में सबील का आयोजन किया जा रहा है। लाइन पुरवा में एक से दस मोहर्रम तक यह कार्यक्रम चलेगा। शब्बर रिज़वी के नेतृत्व में इस आयोजन में प्रसाद वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जियाउर रहमान खान, सभासद सादिक हुसैन, सभासद मोहम्मद फैसल, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी, अकबर मेहंदी रजा, शब्बर रिज़वी, परवेज रजा, अली चांद, अब्दुल समद और अब्दुल्लाह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया



केक काटते सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। छाया चौराहा स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, रतनलाल राव, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, प्रवक्ता वीरेंद्र मौर्या और राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा समीम चौधरी समेत कई नेता मौजूद रहे।

### बुजुर्गों के साथ केक काट मनाया अखिलेश का जन्मदिन



वृद्धाश्रम में केक काटते अविरल सिंह। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सदर विधानसभा स्थित भूहेरा सफेदाबाद के वृद्धाश्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप के पुत्र अविरल कुमार सिंह ने अनोखे अंदाज में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। अविरल ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ केक काटा और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने बुजुर्गों के साथ बैठकर भोजन भी किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख हशमत अली गुड्डू और अमित चौरसिया भी मौजूद रहे।

### सुधीर कुमार सिंह को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब



सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते लोग।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' की प्रथम पुण्यतिथि पर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके पुत्र जयदीप सिंह और गुरदीप सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत और एससी एसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद अवस्थी, भाजपा रेहड़ी पटरी व्यापार संयोजक अजीत प्रताप सिंह और पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ राम कुमारी मौर्य और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित सिंह ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा, डॉ विवेक वर्मा, अभिषेक सिंह और सभासद सुशील गुप्ता सहित अन्य कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदीप मौर्य, देवेंद्र प्रताप सिंह 'ज्ञानू', भाजपा नगर मंत्री शिल्पी सिंह, भरत लाल सिंह, पंकज गुप्ता और मनोज श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# स्कूलों में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गर्मी के अवकाश के बाद नए शिक्षण सत्र की शुरुआत पर मंगलवार को पहले दिन परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

विकासखंड बंकी के कंपोजिट विद्यालय बड़ेल, प्राथमिक विद्यालय पूरेमोती, प्राथमिक विद्यालय बनवा और कंपोजिट विद्यालय दरहरा समेत अन्य स्कूलों में बच्चों का स्वागत किया गया। देवा के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों का स्वागत किया गया। प्रावि कुसुम्भा में बच्चों का स्वागत प्रधान प्रतिनिधि संत कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका शशिबाला, रसोइया मिथिलेश कुमारी व शैल कुमारी उपस्थित रहीं। इसी क्रम में प्रावि तासपुर में प्रधानाध्यापिका प्रियंका ने बच्चों का स्वागत किया। प्रावि सलारपुर में भी छात्रों का स्वागत किया गया। कंपोजिट विद्यालय छोटी छेरिया में प्रधानाध्यापक राम मनोरथ एवं प्रावि रीवा रतनपुर में प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने बच्चों का स्वागत किया। हैदरगढ़ के प्रावि गोतौना में प्रधानाध्यापक सूर्य प्रताप मौर्य, एआरपी मदन मोहन वर्मा, शिक्षिका रमंका सिंह, रजनीबाला सिंह व प्रिया ने बच्चों का स्वागत किया। रामनगर, फतेहपुर, निंदूरा, सिद्धौर, हरख, मसौली, बनीकोडर, दरियाबाद व सिरौलीगौसपुर के विद्यालयों में भी बच्चों का स्वागत किया गया। बीएसए संतोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत 15 जुलाई तक रैली निकाली जाएगी।



प्रावि कुसुंभा में हुआ बच्चों का स्वागत।



बच्चों को पुस्तकें देते बीईओ बंकी चंद्रशेखर यादव।



कंपोजिट विद्यालय छोटी छेरिया में बच्चों का किया गया स्वागत।



प्राथमिक विद्यालय गोतौना में खीर खाने से पहले प्रार्थना करते बच्चे।




# धान की रोपाई कर रहे श्रमिकों पर गिरी बिजली, एक की मौत

## बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेरी में बारिश के दौरान हुई घटना में छह मजदूर झुलसे, तीन को अस्पताल में कराया गया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में तीसरे दिन भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। इस बीच खेत में धान की रोपाई कर रहे मजदूरों पर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में झुलसे सात लोगों में एक की मौत हो गई तो अन्य का इलाज चल रहा है।



पवन फाइल फोटो।

उधर बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति चरमरा गयी। कहीं स्थानीय तो कहीं बड़ी गड़बड़ियों के चलते ग्रामीण इलाकों को सुचारु बिजली नहीं मिल सकी। वहीं शहरवासी तेज बारिश के बाद लचर सफाई व्यवस्था को कोसते नजर आए।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार, मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने की घटना बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेरी में पूर्वाह्न हुई। यहां के रहने वाले रामनाथ के खेत में धान रोपाई के लिए ग्राम रमापुरवा के करीब 11 मजदूर मंगलवार को आये थे। मजदूर अपने काम में जुटे ही थे कि बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में रोपाई कर रहे सात मजदूर झुलस गए। इनमें तीन लोगों को उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया। जहां ग्राम रमा पुरवा के पवन कुमार (32) पुत्र झब्बू को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि उसके भाई राजकुमार व अंकित का उपचार शुरू हुआ। अंकित ने बताया कि 11 लोग रोपाई को आये थे। महेश, नरेन्द्र, कल्लू, राजेन्द्र मामूली रूप से झुलसे हैं। विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, एसडीएम कार्तिकेय सिंह व तहसीलदार वैशाली अहलावत ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। एसडीएम ने बताया कि मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। बाक्स--

**टिनशेड पर बिजली गिरी, पांच घायल : मसौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुरवा निवासी ललित कुमार पुत्र गौरीशंकर बीती रात अपनी मां ज्ञानवती, पत्नी उमा वर्मा, पुत्री माही, पुत्री आकांक्षा के साथ टिनशेड नुमा मकान के नीचे सो रहे थे। मंगलवार की भोर करीब 3 बजे बारिश के दौरान आकाशीय बिजली पिलर पर गिर गई। हादसे में पूरा टिनशेड भरभरा कर गिरने से पांचो लोग घायल हो गये ग्रामीणों के सहयोग से सभी को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार हसनापुर मजरे हजरतपुर निवासी पशुपालक सरवन ने बताया कि मंगलवार की दोपहर बिजली गिरी जिससे उसकी भैंस की मौत हो गयी।



परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक साकेंद्र वर्मा। अमृत विचार

### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

बिजली गिरने से जान गंवाने वाला पवन कुमार मजदूरी करके परिवार का जीवन यापन करता था। पत्नी मीरा देवी बेतहाशा रोती रही। मृतक के एक पुत्र आदर्श (12) व पुत्री पलक (8) है। जिनके सिर से पिता का साया उठने से उनके भरण पोषण पर सवालिया निशान लग गया है। गांव के लोग परिवार को ढाढस बंधाते रहे।

### जमकर भीगे शहरवासी, चरमरायी बिजली व्यवस्था

मंगलवार को भी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। सुबह से कई बार रिमझिम बारिश के बाद दोपहर में शहरवासी जमकर भीगे। तेज बारिश के बाद माहौल खुशनुमा हो गया। बारिश थमने के बाद छाए रहे बादलों ने पूरे दिन राहत प्रदान की। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी कहीं तेज तो कहीं धीमी बारिश ने गर्मी से काफी राहत दी। बरसात का असर जिले भर में विद्युत आपूर्ति पर देखने को मिला। शहर में आवाजाही के बावजूद आपूर्ति सुचारु रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई जबकि स्थानीय खराबियों के चलते शटडाउन का क्रम बना रहा। सबसे ज्यादा खराब हालत ग्रामीण इलाकों की रही जहां पर आपूर्ति संभालने में बिजली महकमे को पसीने छूट रहे हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने, तार टूटने, स्थानीय खराबियों ने बारिश के दौरान जोर पकड़ लिया है, इसी वजह से ग्रामीण इलाकों के तमाम गांवों के वासियों को अंधेरे में रहना पड़ा।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव घर के अन्दर फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला। रानीमऊ निवासी हसमत अली अपने पुत्र व पत्नी के साथ धान की रोपाई करने गये थे जबकि इनका बडा पुत्र चांद बाबू घर पर अकेला था।

मंगलवार की दोपहर चांदबाबू की मां नाजरीन वापस घर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गयी। चांदबाबू घर के कमरे में रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। चीख पुकार सुनकर आस पडोस के लोग एकत्रित हो गये और युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिए सीएचसी पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 131 पेड़ों की अवैध कटान 7 लाख रुपये में हुआ सौदा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा कोतवाली क्षेत्र में बारह साल पूर्व मनरेगा योजना के तहत लगे हरे भरे 131 पेड़ों को मत्स्य पालक ने अपने भाई के साथ मिलकर काट डाला। यही नहीं सात लाख रुपये में इनका सौदा भी कर दिया। लेखपाल के निरीक्षण में मामला सामने आया, पुलिस में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पलौली में राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज जमीन पर मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2012-13 में लगभग 300 पौधे लगवाए गए थे। इस गाटा पर शिवकुमार पुत्र मैकू निवासी महुआगढ़ मजरा भेड़िया को मत्स्य पालन के लिए आवंटन मिला था। आरोप है कि शिवकुमार व उसके भाई रामकरन ने सोमवार की सुबह जमीन पर लगे आम, यूकेलिप्टस और शिवबबूल के कुल 131 पेड़ों को काट डाला। इनमें आम के 98, यूकेलिप्टस के 32 और शिवबबूल का एक पेड़ शामिल है। कटान के बाद दो पिकअप गाड़ियों में लकड़ियां लादने की तैयारी थी। बताया जा रहा है कि इन पेड़ों को ठेकेदार रामसेवक निवासी कमलडीहा को 7 लाख रुपये में बेच दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल रामनरेश व चकबंदी लेखपाल वीरेन्द्र कुमार ने जांच कर कटे हुए पेड़ों को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया।

## स्कूल गेट पर अचेत 7वीं के छात्र की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को स्कूल आया सातवीं कक्षा का छात्र अचानक अचेत होकर गिर गया। स्कूल स्टाफ व अन्य उसे लेकर लखनऊ गए जहां छात्र की मौत हो गई। देवा कोतवाली क्षेत्र के घेरी बिशुनपुर का रहने वाला अखिल प्रताप सिंह जिला मुख्यालय स्थित सेंट एंथोनी में सातवीं कक्षा का छात्र है। वह मंगलवार को कार पर सवार अन्य साथी छात्रों के साथ स्कूल आया था। कार से उतर कर वह जैसे ही स्कूल गेट पर पहुंचा कि अचेत होकर गिर गया। यह देख स्कूल स्टाफ व अन्य लोग उसे लेकर लखनऊ के अवध अस्पताल गए। वहां रेफर करने पर उसे चंदन अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नवजात के नाम पर लगेगा सागौन का पौधा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण को नवजात के जन्म से जोड़ने की अनूठी पहल शुरू की गई है। जिला महिला चिकित्सालय में मंगलवार को संतान जन्म के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 1 से 7 जुलाई तक जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में चलेगा। इस दौरान जन्म लेने वाले हर नवजात के परिजनों को सागौन का पौधा और ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट दिया जाएगा। जिलापंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत और जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अभियान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के पहले दिन 9 नवजात शिशुओं के परिजनों को सागौन के पौधे और प्रमाण पत्र दिए गए। जिलापंचायत अध्यक्षा ने इस पहल को नवजीवन और प्रकृति के बीच सेतु बताया। उन्होंने परिजनों से अपील की कि वे पौधे की देखभाल बच्चे जैसी ही करें। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने कहा कि यह पौधा बच्चे के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह है। बच्चे के साथ-साथ पौधा भी बढ़ेगा। यह पर्यावरण संतुलन में योगदान के साथ भविष्य में आर्थिक लाभ भी देगा। प्रभागीय वनाधिकारी आकाश बधावन ने बताया कि ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट में बच्चे का नाम, जन्म तिथि, पौधे की प्रजाति और स्थान दर्ज रहेगा।

## 16 लाख बकाया होने पर पेपर्स फैक्ट्री सील

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कुर्सी थानाक्षेत्र स्थित यूपीएसआईडीसी प्लाट नंबर 103 पर स्थित मेसर्स रामपलट पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रशासन ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई 16 लाख रुपये का अर्थदंड न चुकाने के कारण की गई है। मामला मेसर्स सुग्रीव इंटरप्राइजेज बनाम मेसर्स रामपलट पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड का है। लखनऊ के अतिरिक्त न्यायालय कक्ष संख्या-11 ने परिवाद संख्या 8261/2019 में एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत कार्रवाही की।

न्यायालय ने 2 अगस्त 2024 को अभियुक्त दिनेश त्रिपाठी को 16 लाख रुपये का अर्थदंड भरने का आदेश दिया। आरोपी द्वारा अर्थदंड की राशि जमा नहीं की गई। इस पर अतिरिक्त न्यायालय लखनऊ ने 4 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी बाराबंकी को बकाया धनराशि वसूली का पत्र भेजा। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार अभिनव सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे।


टीम ने बंद पड़ी फैक्ट्री को सीलबंद कर सरकार के पक्ष में कुर्क कर लिया। फैक्ट्री को कुर्सी थाने की पुलिस अभिरक्षा में दे दिया गया है।

## प्याज आपूर्ति के नाम पर 3.20 लाख ठगे

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक व्यापारी प्याज खरीदने के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो गया। खुद को नासिक में एटीएस ट्रेडर्स का मालिक बताकर एक व्यक्ति ने व्यापारी से कुल 3.20 लाख रुपये ऐंठ लिए और फरार हो गया।

कस्बा निवासी फरीद अहमद ने प्याज का थोक व्यापार करने के उद्देश्य से ऑनलाइन एक व्यापारी से संपर्क किया, जिसने खुद को एटीएस ट्रेडर्स राजगुरु नगर पिंपलगांव महाराष्ट्र का मालिक बताया। फरीद अहमद को एक मोबाइल नंबर से कॉल आया, और प्याज की सप्लाई की बात तय हुई। विश्वास में लेकर उक्त व्यक्ति ने अलग-अलग तिथियों में फरीद से कुल 3,20,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी ने ट्रक चालक का मोबाइल नंबर और माल भेजने के फर्जी दस्तावेज भी व्हाट्सएप पर भेजे लेकिन तय समय पर प्याज की आपूर्ति न होने पर जब फरीद ने दोनों मोबाइल नंबरों पर संपर्क करना चाहा, तो दोनों नंबर बंद मिले। ठगी की आशंका पर पीड़ित व्यापारी स्वयं नासिक जाकर एटीएस ट्रेडर्स का पता लगाने पहुँचा, लेकिन वहाँ ऐसी किसी फर्म का अस्तित्व नहीं मिला। जांच में भेजे गए सभी दस्तावेज फर्जी निकले।



# सरयू का बढ़ता जलस्तर बन रहा खतरा

## नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बदले हालात, अधिकारियों ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



सनावा में बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बात करतीं एसडीएम।

**अमृत विचार :** सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से रामसनेहीघाट और सिरौलीगौसपुर तहसीलों के तटीय गांवों में खतरा बढ़ गया है। नेपाल से छोड़े गए पानी और क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे कई गांवों में दहशत का माहौल है। मंगलवा को तहसील के अफसर तराई गए और ग्रामीणों से बात की।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को तहसील क्षेत्र में सरयू नदी का बहाव बांध से करीब दो से तीन किलोमीटर दूर तक पहुंच चुका है। तराई के गांव बेलहरी, जमका फाजिलपुर, पूरनपुर, कोडरी, बलईपुर, मदरहा, चौधरीपुरवा, माधवपुरवा, बाबा का पुरवा, बतनेरा, ललपुरवा, सुरसंडा, सुंदरनगर और पेशकार पुरवा जैसे गांवों की ओर पानी का स्तर धीमी गति से बढ़ रहा है। अधिशाषी अभियंता शशिकांत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आठ किलोमीटर लंबा बंधा बना हुआ है। वहीं, एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि स्थिति पर हर पल नजर रखी जा रही है। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के सनावा, टेपरा, कहारन पुरवा, और तेलवारी जैसे नदी के किनारे बसे गांवों के निवासियों के अनुसार सोमवार रात से पानी का स्तर तेजी से बढ़ा है। बाढ़ खंड के अवर अभियंता प्रदीप वर्मा ने कहा कि कटान रोकने के प्रयास लगातार जारी हैं। वहीं, एसडीएम प्रीति सिंह ने मंगलवार शाम को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। तहसीलदार महिमा मिश्रा भी उनके साथ थीं। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार तराई के गांवों में दहशत है। सरयू नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है हालांकि फिलहाल खतरे जैसी कोई स्थिति नहीं है। तहसील प्रशासन बाढ़ की संभावित स्थिति को लेकर अलर्ट मोड पर है।

# तीसरे दिन भी 250 गांवों की गुल रही बिजली

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बारिश और तेज हवाओं के कारण 250 गांवों की बिजली व्यवस्था तीसरे दिन भी बाधित है।

निंदूरा से सूरतगंज बिजली घर तक 55 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाइन में फॉल्ट की समस्या बनी हुई है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में केवल चार घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है।

मंगलवार सुबह से जिगनी, मोहम्मदपुर खाला, सूरतगंज, रानीगंज और हेतमापुर के पांच फीडर प्रभावित हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिजली न होने से पानी की आपूर्ति, मोबाइल चार्जिंग, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। अंधेरे में बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक परेशान हैं। स्थानीय निवासी अमन सिंह, अज़हर और अंशुमान मिश्रा ने इस समस्या को लेकर अपनी चिंता जताई है।

इस संबंध में बिजली विभाग के अवर अभियंता शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 33 केवी लाइन में फॉल्ट के कारण बिजली बाधित है। विभाग अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

## सार-संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण को समर्पित किया अखिलेश का जन्मदिन



पौधरोपण करते समाजसेवी हर्षित राजकुमार सिंह। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। एसबीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक हर्षित राजकुमार सिंह ने सीएचसी हैदरगढ़ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। मरीजों को फल बांटे गए। अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया गया। मौजूद कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को लड्डू वितरित कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में पूर्व सभासद अय्यूब कुरैशी, राजू सिंह, मो. वसीम, अतुल सिंह चौहान समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे। सीएचसी के प्रभारी डॉ. विश्वनाथ मधेशिया व स्टाफ भी मौजूद रहा।

### रेलवे ने की मॉकड्रिल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार रात बरेली–बनारस रेलमार्ग पर रसौली और सफदरगंज रेलवे स्टेशन के बीच वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर प्रशासन व पुलिस के अफसर पहुंच गए। रेलवे ककी माकड्रिल सामने आने पर सभी ने राहत की सांस ली। सफदरगंज रेलवे स्टेशन मास्टर की ओर से कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि वाराणसी एक्सप्रेस ग्राम करमुल्लापुर के पास पटरी से उतर गई है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद अधिकारियों को पता चला कि डीआरएम सुनील वर्मा के निर्देश पर की गई मॉक ड्रिल थी।

### पेड़ गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को सूरतगंज चौराहे पर लगा पेड़ भारी बारिश के कारण अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से नीचे खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त कार में कोई मौजूद नहीं था। कार के मालिक झंझरा पंचायत के ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार वर्मा हैं। दूसरी घटना सूरतगंज मुख्य चौराहे से 50 मीटर पहले की है। जहां ट्रैक्टर मैकेनिक के यहां रिपेयरिंग को आया एक ट्रैक्टर भी पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर ककरहा गांव के विनोद कुमार वर्मा का है।

### सर्पदंश से बालिका की मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार की रात सर्पदंश से एक बालिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्लोपुर निवासी अंकित वर्मा की 12 वर्षीय पुत्री रिया वर्मा सोमवार की शाम बारिश से बचने से लिए हाते में रखी छतरी लेने गई थी। इस दौरान छाते में बैठे विषैले सांप ने उसे डस लिया। सांप काटने से उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन पहले उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां से रेफर करने के बाद बालिका को लेकर सीएचसी गए। चिकित्सकों ने उपचार शुरू ही किया था कि कुछ ही देर बाद रिया ने दम तोड दिया।

# एसडीएम ने लिया सावनी मेले की तैयारियों का जायजा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में होने वाले सावनी मेले की तैयारियों का जायजा लेने एसडीएम विवेकशील और सीओ गरिमा पंत पहुंचे। अधिकारियों ने मेला परिसर, मंदिर परिसर, प्रवेश और निकास द्वार, बहोनिया तालाब और अभरन सरोवर का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, हैंडपंप और मार्ग प्रकाश व्यवस्था की जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग को मुख्य मार्ग के किनारे बन रहे नाले और इंटरलॉकिंग कार्य को तीन दिन में पूरा करने के निर्देश दिए। बहोनिया तालाब के रैंप की मरम्मत, शौचालयों की सफाई और टूटी नालियों की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को निर्देशित किया। चौकी इंचार्ज महादेवा को दुकानों को सड़क से दूर लगवाने और कूड़ादान रखवाने के निर्देश दिए। मेला परिसर में जल भराव और गंदगी देखकर एसडीएम ने सफाई कार्य में तेजी लाने को कहा। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार विजयप्रकाश आदि थे।

## चोरी के चार ट्रांसफार्मर के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी: अमृत विचार :** थाना देवा पुलिस ने 2 चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 4 ट्रान्सफार्मर, 3 कुन्तल 10 किलोग्राम तांबे का तार, प्लास्टिक की कटी हुई केबल व घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद की।

पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शिवकमल व कृष्ण गोपाल निवासी को कुर्सी रोड नहर पुल कस्बा देवा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक पिकप वाहन, 4 ट्रान्सफार्मर, 3 कुन्तल 10 किलोग्राम तांबे का तार, प्लास्टिक की कटी हुई केबिल बरामद हुआ। पूछताछ से पता चला कि कृष्ण गोपाल ट्रांसपोर्टर का काम करता है, जिसका ऑफिस चिनहट लखनऊ में है।

# अभ्युदय कोचिंग में हो पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया

कार्यालय संवादादता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बैठक की अध्यक्षता की। जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजना सीमित संसाधनों वाले प्रतिभाशाली छात्रों के लिए है। इससे वे बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन पहुंचाएगी। बैठक में जुलाई 2025 से कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए शैक्षिक और भौतिक तैयारियां जल्द पूरी की जाएंगी। पूर्व फैकल्टी सदस्यों की पुनर्नियुक्ति और नए अतिथि प्रवक्ताओं के चयन पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के प्रवेश को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। कोचिंग के लिए उपयुक्त स्थान, पुस्तकालय और अध्ययन सामग्री की व्यवस्था पर भी विचार किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रंजिश में परिवार पर जानलेवा हमला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार की देर शाम कोतवाली अंतर्गत एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर दर्जन भर लोगों ने हमला कर दिया। घटना में महिला सहित तीन अन्य घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली अंतर्गत ग्राम फतेहगंज निवासी रफीक ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही घर के सामने रहने वाले इरसाद अली ने अपने भाई पुत्रों, भतीजे व बहू के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज देते हुए उसके पिता नजर अली, माता शायरा बानो, भाई शफीक परिवार के ही वाहिद अली को लाठी डंडे से पिटाई कर दी।

## सार-संक्षेप

### पैंतीस किसानों को मिला नि:शुल्क खरीफ बीज



नि :शुल्क मिले बीजों के साथ किसान। अमृत विचार

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र पर मंगलवार को नि :शुल्क खरीफ बीज किसानों को वितरित किया गया। एडीओ कृषि जावेद अख्तर ने बताया कि पंजीकृत किसानों को मशीन में अंगूठा लगवाकर बाजरे की मिनी किट नि :शुल्क वितरित की गयी है। जिसमे 35 किसानों को तिल व दस किसानों को बाजरा वितरित किया गया। राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र प्रभारी देशराज ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को नि :शुल्क बीज के साथ ही मूंगफली, अरहर, उड़द आदि के बीज अनुदान पर दिये जा रहे हैं। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मिथलेश यादव, देवेश मिश्रा, सहित किसान ओमकार, श्रीपाल, जगन्नाथ, रोहित, सहित काफी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

### सांप के डसने से बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**सेवता, सीतापुर, अमृत विचार :** रेउसा ग्राम पंचायत के केवल पुरवा मजरा में बीती रात सांप के डसने से एक डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। बच्चा अपने माता–पिता की इकलौती संतान था। परिवारीजनों के मुताबिक, मासूम स्वास्तिक अपने पिता राकेश जायसवाल व मां के साथ छत पर सो रहा था। रात के अंधेरे में सांप ने उसे डंस लिया। परिजन जैसे ही बच्चे की हालत बिगड़ती देखी, वे घबरा गए और आनन–फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही स्वास्तिक ने दम तोड़ दिया। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### समितियों में खाद की उपलब्धता की मांग

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार :** विकास खंड पहला क्षेत्र की कई साधन सहकारी समितियों, कृषि केंद्रों पर यूरिया, डीएपी की आपूर्ति बाधित होने से किसान परेशान हैं। किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर काट रहे हैं। किसानों का दावा है कि रवि तथा खरीफ फसल की बुवाई के समय किसानों को समितियों पर खाद मिलना मुश्किल हो जाता है और किसान महंगे दामों में गुणवत्ता विहीन खाद लेने को मजबूर हो जाते हैं। यदि किसी केंद्र पर आपूर्ति की गई है तो वह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। किसानों ने जिला प्रशासन से सभी साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

### 11 हिस्ट्रीशीटर समेत 188 वांछित व वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 24 घंटे में की कार्रवाई में पुलिस ने 188 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 11 हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं। इनमें से कई अभियुक्त लूट, चोरी, नकबजनी, छिनैती जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंतरजनपदीय अपराधी भी शामिल हैं। रामपुर कलां, रामपुर मथुरा, सिधौली, मानपुर, बिसवां, मछरेहटा, मिश्रिख, नैमिषारण्य, हरगांव, कोतवाली नगर, इमलिया सुल्तानपुर, कोतवाली देहात और संदना की पुलिस टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 37 वांछित/वारंटी गिरफ्तार किए, जिनमें 4 हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए प्रमुख आरोपियों में दीपू वर्मा निवासी ग्राम तेजनीपुर, थाना रामपुर कलां, त्रिभुवन निवासी सियारपुर मजरा अठौरा, थाना रामपुर मथुरा, ओम प्रकाश निवासी प्रेमनगर, थाना सिधौली, रामनाथ निवासी सिधौली, अजीत सिंह उर्फ राजा – हथूरी, थाना इमलिया सुल्तानपुर, गंगा देवी निवासी भगौतीपुर, थाना कोतवाली देहात सम्मिलित हैं।

### उपजिलाधिकारी का अधिवक्ताओं ने किया सम्मान

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा राजेन्द्र सभागार, तहसील परिसर में अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में स्वागत समारोह का आयोजन नवागत उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी, न्यायिक अवनीश कुमार के प्रथम के सम्मान में किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता राज शर्मा ने अपने उद्बोधन में बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता ललित शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव सत्य प्रकाश सिंह, लालजी वर्मा, आरपी सिंह, सुरेश चंद्र मौर्य, मन्नालाल बाजपेई, राजकुमार सिंह, आबू शहमा खान, संकटा प्रसाद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बढ़ रहा घाघरा नदी का जलस्तर, नावें बनीं लोगों का सहारा

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर



नदी का बढ़ा जलस्तर। अमृत विचार



नाव के सहारे सुरक्षित स्थान पर जाते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** घाघरा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। 24 घंटे के भीतर जलस्तर में वृद्धि हुई है। कन्हई घाट पर बना पैंटून पुल खोला गया। जिसके कारण शुकुलपुरवा सहित 10 गांव के लोगों को आवाजाही के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा।

विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा सहित 10 गांव बांध के अंदर है। 24 घंटे के भीतर घाघरा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। ऐसे में ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा, कुन्ना पुरवा, भूषनपुरवा, रामरूपपुरवा, लोधनपुरवा, नारायणपुरवा आदि गांव के बाहर सूखे पड़े नदी रूपी बड़े नाले में तेजी के साथ पानी आ गया। पानी इतनी तेजी के साथ बढ़ा कि लोगों को निकलने का मौका नहीं मिला। ऐसे में नाव का सहारा लेना पड़ा। 100 से अधिक लोगों ने नदी की तराई में ठिकाना बनाया है।

**नाव बड़ी जरूरत, उपलब्धता आवश्यक:** ग्रामीण जोधे और दीपू का कहना है कि अचानक आई बाढ़ के दौरान नाव की उपलब्धता न होने से परेशानी थी। ऐसे में प्रशासन की ओर से नाव के पर्याप्त बंदोबस्त करने आवश्यक हैं।

**राशन और दवाओं के हों बंदोबस्त :** बेनीराम और राजपूत कहते हैं कि जिलाधिकारी लगातार गांव आ रहे हैं। ऐसे में उनकी ओर से निर्देश भी दिये गए हैं लेकिन इसे अधीनस्थों को भी गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है।

**केरोसिन मिले तो बन जाए बात :** मोहन, दयाराम, बिहारी का कहना है कि बारिश और मिट्टी कटान के कारण तीन माह से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। ऐसे में केरोसिन आवश्यक है। बताते हैं कि पहले केरोसिन की सप्लाई तमाम समस्याओं का हल कर देती थी।

**नहीं उठता खण्ड विकास अधिकारी का फोन :** जनपद का सबसे अधिक बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र रामपुर मथुरा है। ग्रामीण बल्ला, कल्लू, विनोद का दावा है कि समस्याओं को लेकर जब भी बीडीओ प्रतिभा जायसवाल को फोन किया जाता है तो वो फोन नहीं उठाती, कई बार स्थानीय शिकायतों को लेकर प्रार्थना पत्र भी दिया जा चुका है। रामपुर मथुरा के सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शुकुल पुरवा ग्राम पंचायत के निवासी संतराम, रामचंद्र, कल्लू और अवध राज को ग्राम पंचायत स्तर से नाव उपलब्ध कराई गई थी, अन्य स्थानों पर नाव की व्यवस्था की जा रही है।

तहसीलदार महमूदाबाद अनिल कुमार राम ने बताया कि नाव की पर्याप्त उपलब्धता कराई गई है, अगर कहीं किसी को परेशानी हो रही है, तो वो मुझे फोन कर सकता है।

# एडीआर केंद्र सहित दो स्थानों पर रोपे गए पौधे



पौधरोपण करते न्यायाधीश। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित एडीआर केन्द्र के सामने पार्क एवं जजेज कॉलोनी में वन महोत्सव - एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना ने की। उन्होंने पौधा रोपित कर इस अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अपर जिला जज कोर्ट संख्या-01 ज्ञान प्रकाश तृतीय सहित समस्त न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# बाढ़ चौकियां सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** मॉनसून के सक्रिय होते ही प्रशासन ने संभावित बाढ़ संकट से निपटने की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार ने जानकारी दी कि जनपद की तीन तहसीलों बिसवां, लहरपुर और महमूदाबाद में शारदा व घाघरा नदियों का जलस्तर बढ़ने की आशंका है, जिससे तटीय गांवों में जलभराव व कटान की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए राहत, बचाव एवं पुनर्वास के लिए सभी विभागों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सभी तहसीलों में राहत शिविर एवं बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी गई हैं। जनपद मुख्यालय व तहसीलों पर कंट्रोल रूम संचालित हो रहे हैं।

**बाढ़ कंट्रोल रूम नंबर:**

**कलेक्ट्रेट:** 05862-245753, 242400 **टोल फ्री:** 1077 **सीयूजी मोबाइल:** 9454416556।

## कुएं में गिरे गोवंश की फायर ब्रिगेड ने बचायी जान

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास के कुएं में एक गोवंश गिर गया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचित किया। सिधौली फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राम लखन वर्मा के नेतृत्व में रेस्क्यू कर बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से लगभग रेस्क्यू करने में एक घंटे का समय लगा। रेस्क्यू टीम में यूनिट हेड रामलखन, चालक आकाश चौधरी, फायरकर्मी राजेश चौहान, ओमकार आदि थे।

व्यवस्था — ओवरस्पीडिंग पर नियंत्रण को पुलिस की पहल

# प्रमुख मार्गों पर लगाये गये बैरियर

संवाददाता, सीतापुर



बड़ा डाकघर– सिविल लाइन मार्ग पर लगाए गए ड्रम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ओवरस्पीडिंग पर नियंत्रण और शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इन पहलों के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया है कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं एन्ट्री प्वाइंट्स जैसे नैपालापुर चौराहा, वैदेही वाटिका तिराहा, बहुगुणा चौराहा, एनसीसी ऑफिस के सामने, चर्च चौराहा और काशीराम कॉलोनी आदि पर कुल 72 ड्रम बैरियर लगाए गए हैं। इससे ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों पर प्रभावी रोक लगी है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी की आशा है। अब तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 137 वाहनों का चालान किया गया है, जिनसे 1,57,000 का जुर्माना वसूला गया है। ऑपरेशन रुतबा से मॉडिफाइड साइलेंसर पर कार्रवाई में 26 वाहन सीज किये गए। 55 वाहनों का चालान और 62 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए। ई-रिक्शा संचालन में सुधार को लेकर टोकन व्यवस्था आरंभ कर वाहनों पर कोडिंग व्यवस्था चलाई जा रही है। ऐसे में 1916 ई-रिक्शा चालकों को टोकन वितरित किए जा चुके हैं।

## हमेशा सच का साथ दें : फुरकान

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** खैराबाद की दरगाह हाफिज असलम मियां में चल रही 10 दिवसीय मोहर्रम मजलिस के पांचवें दिन जाकिर सैय्यद फुरकान मियां हाशमी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी हालत में गलत लोगों और गलत कामों का साथ नहीं देना चाहिए, भले ही इसके लिए जान की कुर्बानी ही क्यों न देनी पड़े।

उन्होंने वाकया-ए-कर्बला का जिक्र करते हुए बताया कि हजरत सलमान बिन अकील ने यजीद की बैअत ठुकराकर हुसैन का साथ दिया और शहीद हुए। उनकी शहादत सिखाती है कि सच्चाई का साथ देना ही असली ईमान है। हाजी फुरकान वहीद हाशमी ने मुल्क और कौम के लिए दुआ की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बड़नपुर विकास खण्ड रामनगर बाराबंकी।**

पत्रांक/मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/आर0जी0एस0ए0/सामग्री आपूर्ति/निविदा सूचना/2025–25 दिनांकः–01.07.2025

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत– बड़नपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। जिसके लिए संलग्न बिल ऑफ क्वांटिटि के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जी0एस0टी0 पंजीकृत फार्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से स्वीकृत दरो के अधीन निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत बड़नपुर कार्यालय से दिनांक 03/07/2025 से 10/07/2025 किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। मोहरबंद निविदायें दिनांक– 11/07/2025 तक 10 बजे से 02 बजे अपराहन तक निविदा बॉक्स में डाली जाएगी तथा 11/07/2025 को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय भवन में पंजीकृत फार्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष 03 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा से/ई. में | अनु.ला. जीएसटी सहित (लाख में) | धरोहर राशि (लाख में) | निविदा मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बांध से सत्यकाम के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 1. सीमेन्ट<br>2. मौरंग<br>3. बालू<br>4. ईट गिट्टी<br>5. लोकल बालू<br>6. स्टोन डस्ट<br>7– ईट प्रथम श्रेणी<br>8– इंटरलॉकिंग ईट | 120 बोरी<br>4.5 घन मी0<br>17 घन मी0<br>34 घन मी0<br>22 घन मी0<br>1 घन मी0<br>6900 पीस<br>10900 पीस | | | | |

1–आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 2–आपूर्ति की गयी सामग्री का भाडा/किराये का भुगतान अलग से देय नही होगा। 3–आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल ऑफ क्वांटिटि के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री का आपूर्ति सम्बंधित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियंता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट स्थान पर आपूर्ति करना होगा। 4–बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/ निविदा समिति ग्राम पंचायत– बड़नपुर में निहित होगा। 5–निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते निविदा फॉर्म खरीदते समय कार्यालय से प्राप्त करे।

अमर सिंह–तकनीकी सहायक अभय शुक्ला–ग्राम सचिव आशा वर्मा–ग्राम प्रधान

ग्रा0पं0– बड़नपुर, वि0ख0– रामनगर, बाराबंकी।

## एक नजर

### घेरकर प्रधानपति पर जानलेवा हमला

**सीतापुर, अमृत विचार :** हरगांव इलाके की ग्राम पंचायत हरिरामपुर के मजरा भैंसहा में प्रधान पति व परिजनों पर कुछ लोगों ने विवाद के बाद जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस केस दर्ज करते हुए मामले में जांच शुरू कर दी है। प्रधान पति घनश्याम अपने भतीजे उदित और पुत्रों के साथ जा रहे थे। बताते हैं कि परिवार गांव से निकला ही था। इसी दौरान विपक्षी अर्जुन, करण, अरविन्द, गोविन्द आदि ने अपने वाहनों को खड़ा करके इन्हें घेर लिया। जानलेवा हमला किया, जिसमें घनश्याम और उदित को गंभीर चोट आई हैं। थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### चोरी की साजिश रचते 3 शातिर गिरफ्तार

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** तंबौर पुलिस ने चोरी की साजिश रचते तीन शातिरों को आम की बाग, आजादनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान, मेहताब उर्फ लुक्का, सद्दाम के रूप में हुई। इनके पास से लोहे की रॉड, प्लास, पेचकस सहित अन्य सामान की बरामदगी हुई।

### बच्चे के साथ विवाहिता को घर से निकाला

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** दहेज लोभियों ने मासूम संग उसकी मां को घर से भगा दिया। आरोप है कि दहेज की खातिर उसे लगातार मारापीटा जाता रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सकरन इलके के शीतलपुरवा गांव वासी लक्ष्मी के मुताबिक, उसका 4 वर्ष पूर्व लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के निवासी पंकज के साथ विवाह हुआ था। दावा है कि शादी के बाद से ही तीन लाख रुपये अतिरिक्त दहेज के रूप में मांगे जा रहे थे।

# विद्यालयों में उत्सव-सा माहौल, बच्चों का स्वागत

## तिलक लगाकर और माला पहनाकर बच्चों का किया गया अभिनंदन, कई स्कूलों में पसरा रहा सन्नाटा

अमृत विचार टीम, सीतापुर,



तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार



माला पहनाकर बच्चों का स्वागत करते प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पहले दिन विद्यालयों में उत्सव सरीखा माहौल रहा। माला पहनाकर बच्चों का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर स्कूल चलो रैली निकाली गई।

बिसवां के प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया गया। वहीं, जूनियर हाईस्कूल मानपुर में बच्चों की संख्या कम देखी गई। आए बच्चों के बीच विद्यालय के स्टाफ द्वारा टॉफियां वितरित की गईं।

लहरपुर ब्लॉक क्षेत्र के कई विद्यालयों में बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र से सटे कंपोजिट विद्यालय लहरपुर में प्राइमरी विद्यालय में पंजीकृत 93 बच्चों में से मात्र एक बच्चा ही उपस्थित था। विद्यालय में चार शिक्षक उपस्थित थे। जूनियर हाई स्कूल कक्षा 6 से 8 में पंजीकृत 104 छात्रों में मात्र तीन बच्चे ही उपस्थित थे। यहां प्रधानाचार्य उपस्थित थे। प्राथमिक विद्यालय मुसैती में 121 पंजीकृत बच्चों में से 60 बच्चे उपस्थित थे। इनका प्रधानाचार्य ऋषिकेश बाजपेई द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय केशरीगंज में पंजीकृत 87 बच्चों में से केवल 22 आने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। कंपोजिट विद्यालय दोस्तपुर टकेला में अपेक्षाकृत बच्चे कम रहे। रामपुर मथुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय व उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलवार को खुले विद्यालय खुलने के पहले दिन छात्र-छात्राओं की संख्या काफी कम रही।

# राज्यमंत्री ने बांटे टूल किट्स

**कार्यक्रम**

- 9 लाभार्थियों को मिली दोना-पत्तल मेकिंग मशीन
- पॉपकार्न मेकिंग मशीन की 6 इकाइयां की गयीं वितरित

संवाददाता, सीतापुर




प्रमाण पत्र धारकों के साथ नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में टूल-किट्स एवं पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने की।

कार्यक्रम के दौरान मोटराइज्ड दोना-पत्तल मेकिंग मशीन की कुल 09 इकाइयां एवं पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन की 06 इकाइयां लाभार्थियों को वितरित की गईं।

इस पहल का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और कारीगरों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जगदीश, वरिष्ठ सहायक महादेव मौर्य, कनिष्ठ सहायक उदित श्रीवास्तव, सहशिक्षक (चर्म) विवेक कुमार सहित ग्रामोद्योग विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्यालय संचालक पर धमकी देने का आरोप

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** छात्रवृत्ति घोटाले में एक इंटर कॉलेज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के कुछ दिन बाद एक शख्स को मानहानि का मुकदमे करने की धमकी दी गई। पीड़ित ने महमूदाबाद कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा उसने आशंका के तौर पर अपने साथ संभावित अप्रिय घटना होने पर आरोपी को जिम्मेदार भी ठहराया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच की बात कह रही है।

महमूदाबाद कस्बा निवासी दिलीप त्रिपाठी ने तहरीर में बताया है कि रामपुर मथुरा इलाके में एक विद्यालय के विरुद्ध कोतवाली में अभियोग दर्ज किया गया था। आरोप है कि छात्रवृत्ति से जुड़े मामले की एफआईआर वायरल करने के बाद आरोपी ने पीड़ित को फोन कर मानहानि का मुकदमा करने की धमकी दी। कहा कि बदनामी करोगे तो मानहानि करेंगे। शिकायतकर्ता दिलीप का दावा है कि आरोपी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। नकली नोटों की तस्करी के आरोप में आरोपी जेल भी जा चुका है और फिलहाल जमानत पर है। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दुकान के ताले तोड़कर नकदी व सामान चोरी

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** बिसवां तिराहा स्थित गेट पर एक दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज का सहारा लेकर मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

ठठेरी टोला निवासी नसीम के मुताबिक, उनकी दुकान बिसवां तिराहा स्थित गेट पर है। रात के समय वो दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात किसी पहर दुकान के पीछे रखे बैनर को सामने रखकर उसकी आड़ में चोरों ने दुकान में पड़े दो ताले काट डाले और दुकान के अंदर से सिगरेट, पान मसाला व अन्य सामान सहित एक बैट्रा भी चोरी कर लिया।

मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और घटना की सूचना दुकान मालिक व पुलिस को दी गई।

दुकान मालिक नसीम ने बताया कि उसकी दुकान से नकदी सहित लगभग 1 लाख रुपए मूल्य का सामान चोरी हो गया है। नगर चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से घटना के जल्द खुलासे का आश्वासन भी दिया।

# हत्या के दो दोषियों को आजीवन कैद

**सीतापुर, अमृत विचार:** ऑपरेशन कन्वेक्शन के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना महमूदाबाद पर पंजीकृत हत्या के मामले की विवेचना और अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ने दोषियों को कठोर सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश तरन्नुम खान कोर्ट संख्या-07 ने अपने फैसले में दोष सिद्ध पाए गए अभियुक्तगण विशेश्वर पुत्र छेदू और लल्लू पुत्र छेदू निवासीगण सुकईपुर, थाना महमूदाबाद को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त दोनों दोषियों पर प्रत्येक को 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा भी सुनाई है।

# दुकान में आग से 10 लाख की क्षति

संवाददाता सीतापुर




हादसे के बाद नुकसान का आंकलन करता व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिधौली इलाके में मिठाई की दुकान में शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। नवल स्वीट्स में लगी आग से लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है। दमकल विभाग की सक्रियता के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

सिधौली कस्बे में नवल स्वीट्स के नाम से मिठाई की दुकान है। बताते हैं कि दुकान की तीसरी मंजिल पर मौजूद वर्कर को धुआं उठता दिखाई दिया। उसने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल प्रभारी विजय बहादुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी कमलेश गुप्ता के मुताबिक, आग में चपेट में आकर मिठाई, बर्तन, रेफ्रिजरेटर, फ्रीजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह से जल गए। दुकान का पूरा सामान खाक हो गया। उन्होंने बताया कि आग से लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही सिधौली कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही मौके पर पहुंच गए। ऐसे में पुलिस की टीम भी राहत कार्यों में सहयोग करने लगी। बाद में घटनास्थल पर बढ़ती भीड़ को हटाने के लिए भी झटपट प्रयास किये गए।

# शहर से लेकर गांवों तक गुल रही बिजली

अमृत विचार टीम, सीतापुर




तारों की मरम्मत करता लाइनमैन।

**अमृत विचार :** विद्युत ट्रिपिंग और लाइन फाल्ट की समस्या पिछले तीन दिनों से अधिक बढ़ी है। ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशानियों का अधिक सामना करना पड़ रहा है। दिक्कत ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है, जहां 24 घंटे में 12 घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही है।

शहर के भगवानपुर फीडर से जुड़े क्षेत्र पुराना शहर, रामकोट का शहरी क्षेत्र से जुड़ा इलाका सहित अन्य स्थानों पर बिजली की आपाधापी का आलम मंगलवार दिन भर जारी रहा। ऐसे में बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपकेंद्रों तक पहुंच गए। लाइन फाल्ट को ढूंढकर दुरुस्त कराने में कई घंटों का समय बीता, ऐसे में रोजाना के कार्य बाधित रहे।

**संदना में बारिश के बीच 150 गांव में बिजली गुल : संदना।** इलाके में बारिश के चलते 15 घंटे भी बिजली मिलना मुश्किल है। लो बोल्टेज व ट्रिपिंग चलते सरवा पावरहाउस के करीब 150 से अधिक गांव में बिजली गुल रही। अघोषित कटौती के चलते उपभोक्ता दिन भर परेशान रहे। ग्रामीण सुरेश, रमेश, पिंकू, पप्पू आदि का कहना है कि सरवा पावर हाउस की 33 हजार लाइन काफी जर्जर है, जिससे आए दिन बिजली गुल रहती है और हादसे भी होते हैं। मोहकमगंज निवासी शिव सागर का कहना है कि रात में 10 मिनट भी बारिश हो जाये तो बिजली पूरी रात नहीं मिलती है। अनिल सिंह कहते हैं कि गांव में मुश्किल से 10 घंटे बिजली ही मिल रही है।

**विद्युत लाइन खराब होने से 24 घंटे गुल रही बिजली कुतुबनगर।** विद्युत उपकेंद्र देवगवां को जाने वाली 33 केवी लाइन खराब होने से करीब चौबीस घंटे बिजली गुल रही। जिसके चलते पांच फीडरों के 150 गांवों की करीब दो लाख आबादी प्रभावित रही। सोमवार शाम पांच बजे से लेकर मंगलवार शाम पांच बजे तक चौबीस घंटो बाद भी खबर लिखे जाने तक आपूर्ति बहाल नहीं हुयी थी। घंटों लम्बी बिजली कटौती से इनवर्टर की बैटरी भी जवाब दे गयी। सुबह के समय बिजली सप्लाई न होने से लोगों के घरों में लगी टंकियों का पानी भी खत्म हो गया। बताते चलें बीते पंद्रह दिनों से कई बार 33 केवी की लाइन फाल्ट हो रही है। जिसको बनने मे एक से दो दिन लग जाते हैं। विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेश गौतम ने बताया कि 33 केवी लाइन मे खराबी आ जाने आपूर्ति बाधित रही। लाइन दुरुस्त करने का काम चल रहा है। जल्द ही आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बिजवार ओवरब्रिज पर उस समय हुआ, जब अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी।

हादसे में नर्सोही ग्राम पंचायत निवासी श्रीकेशन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। कोतवाली देहात पुलिस के मुताबिक, दोनों युवक सुबह काम पर जा रहे थे। तभी बिजवार ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। फिलहाल, पुलिस वाहन और चालक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# महिला की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता सीतापुर

**कार्रवाई**

- खैरेपारा मोड़ से रामकोट पुलिस ने तीनों को दबोचा
- हत्या के आरोप में महिला के पति को पुलिस पहले ही भेज चुकी जेल

**अमृत विचार:** महिला की हत्या के मामले में तीन नामजद आरोपियों को रामकोट पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महिला की हत्या की वारदात पिछले दिनों हुई थी।

क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने बताया कि थाना रामकोट पुलिस टीम ने ग्राम खैरेपारा मोड़ से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान छोटे सिंह उर्फ बाबा पुत्र स्व. गया सिंह, निवासी ग्राम बरातपुर, शरीफ गद्दी उर्फ तेरहखाना पुत्र स्व. शहजादे, निवासी ग्राम अमीरपुर मजरा महेबा और नीरज भार्गव पुत्र स्व. चिरंजू, निवासी ग्राम अमीरपुर के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि तीनों महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस ने महिला सुशीला सिंह के पति देशराज को पहले ही हत्या के मामले में जेल भेजा जा चुका है।

**उपलब्धि** | नीति आयोग की रैंकिंग में 56वें से 6वें स्थान तक की प्रगति

# बिसवां ने डेल्टा रैंकिंग में लगायी बड़ी छलांग

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



कार्यक्रम को संबोधित करतीं मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड बिसवां ने विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2024-25 की डेल्टा रैंकिंग में बिसवां ब्लॉक ने जबरदस्त उछाल दर्ज करते हुए प्रदेश के 108 आकांक्षात्मक विकासखंडों में 56वें स्थान से छलांग लगाकर 6वें स्थान पर अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के नेतृत्व और विभागों के बीच समन्वित प्रयासों का परिणाम है। जिला स्तर पर समीक्षा, फील्ड विजिट्स और परिणाम आधारित क्रियान्वयन ने इस प्रगति को संभव बनाया। नीति आयोग द्वारा डेल्टा रैंकिंग की समीक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक विकास के आधार पर की जाती है।

## सार-संक्षेप

### रैली निकालकर संचारी रोगों से बचाव का दिया संदेश




लहरपुर में जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** संचारी रोगों से बचाव के लिए मंगलवार से आगामी 31 जुलाई तक चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने रैली निकालकर किया। अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई के नेतृत्व में केंद्र के सभी डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य केंद्र से क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर एक रैली निकालकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया। अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान व आगामी 10 जुलाई से चलाए जाने वाले दस्तक अभियान की जानकारी दी। उन्होंने दस्तक अभियान को लेकर बताया कि 10 जुलाई से 31 जुलाई तक घर-घर दस्तक अभियान चलाकर संदिग्ध रोगियों की खोज की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ. अरविंद बाजपेई, डॉ. विनय भदोरिया, डॉ. प्रणव, बीपीएम गौरव सक्सेना, बीसीपीएम मनोज वर्मा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के विजय अवस्थी, यूनिसेफ के अखिलेश पांडे, फार्मासिस्ट डीसी गुप्ता, धर्मेंद्र मौर्य, एसके चौधरी, सुबोध शुक्ला, रूबी, अंविता, सुशीला, रचना, नेहा सहित भारी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### दबंगों ने बंद किया मुख्य रास्ता, भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम जमुनापुर मजरा गोड़रिया में सार्वजनिक मार्ग बंद करने पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। मंगलवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील संयोजक अश्वनी कुमार शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोप लगाया गया है कि जमुनापुर मजरा गोड़रिया में सार्वजनिक मार्ग को गांव के कुछ लोगों द्वारा बन्द कर दिया है। जिससे चेतराम, सुनील, रामकिशन, अरविंद दयाराम, कैलाश, पंकज, राकेश आदि का रास्ता बंद हो गया है। गांव में निकलने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सार्वजनिक रास्ता खाली करवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर मुलायम सिंह गौतम, चेतराम, सुनीता देवी, कपिल कुमार, रामकिशन, राकेश, शादाब खां, प्रेम कुमार, कैलाश कुमार, ईश्वरदीन सहित काफी संख्या में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### यजीद को आज भी मिलती है लानतः मौलाना हसन



मजलिस के दौरान मौजूद मौलाना हसन। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला काजी टोला स्थित शिया इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी में रविवार देर शाम आयोजित मजलिस में आजमगढ़ से आए मौलाना हसन अली रिजवी ने नमाज और कुरान की अहमियत पर रोशनी डाली। मौलाना ने कहा कि इस्लाम में नमाज और कुरान की जो अहमियत है, उसे इमाम हुसैन ने अपनी शहादत से अमर कर दिया। हिंदुस्तान के कोने-कोने में करोड़ों रुपये का तबर्रुक इमाम हुसैन के नाम पर बांटा जाता है, जबकि यजीद को आज भी सिर्फ लानत मिलती है। मजलिस में आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष आकिल रिजवी, समीन अब्बास, साहिल अब्बास, मसर्रत, नदीम, मोजिज, अमर मिर्जा, समीर, जावेद, शानू, सुहैल, ताजमिया, जीशान, तकी मिर्जा, और मीसम अब्बास सहित अनेक अकीदतमंदों ने शिरकत की।

### महिला सुरक्षा और शिक्षा पर जागरूकता अभियान



छात्र छात्राओं को जागरूक करतीं महिला आरक्षी। अमृत विचार

**मिश्रिख,सीतापुर, अमृत विचार :** मंगलवार को गर्ल आइकॉन मिलान फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक मिश्रिख के सामने स्थित गुफ्फापुरवा गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के महत्व के साथ-साथ महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। गर्ल आइकॉन वर्तिका पाल ने विशेष रूप से अपनी मौजूदगी से बालिकाओं को प्रेरित किया और जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाली मिश्रिख की उप निरीक्षक स्वर्णिमा सिंह, महिला आरक्षी मनीषा शर्मा एवं नीता उपस्थित रहीं। उन्होंने बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि महिलाओं को डर के बिना आगे बढ़ने के लिए सुरक्षा से जुड़ी जानकारी आवश्यक है। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे नंबरों की उपयोगिता समझाई और बताया कि इनका प्रयोग कैसे करें।

### छात्र सभा ने अखिलेश के जन्मदिन पर बांटा मुफ्त पेट्रोल




मुफ्त पेट्रोल वितरित कराते छात्र सभा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर सपा छात्र सभा कार्यकर्ताओं ने आम जनता को राहत देने का प्रयास किया। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों को मुफ्त पेट्रोल वितरित किया। बाद में सपा प्रमुख के जन्मदिन पर रूद्राभिषेक कर अखिलेश यादव के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। शहर के सीताराम मंदिर आर्या नगर में रुद्राभिषेक पुजारी आशीष शास्त्री द्वारा कराया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।

# बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, जिम्मेदार मौन

## 18 घंटे की जगह 2 से 3 घंटे दी जा रही बिजली, बहाना तार व फाल्ट का बना रहे विभागीय लोग

दिनेश तिवारी, शुकुल बाजार(अमेठी)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। 18 घंटे की जगह 2 से 3 घंटे ही बिजली ही दी जा रही है। गर्मी व बारिश के बीच गांवों में विद्युत आपूर्ति की दशा खराब होने से कई काम बाधित है। गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है।

अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है जबकि चुनाव के समय नेता लंबे चौड़े वादे करते हैं पर अब बिजली समस्या को दुरूस्त करने की कोई भी आवश्यकता नहीं समझ रहा है। कस्बा शुकुल बाजार से लेकर गांवों में बिजली कुछ ही घंटे ही पहुंच रही है। ऐसे में ग्रामीण आक्रोशित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार करोड़ों रुपए प्रति वर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लग रही है लेकिन इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों को इतनी बिजली नहीं मिलती कि लोगों के इनवर्टर चार्ज हो सके। गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सर विद्युत तार वह पोल टूट जाते हैं जो सप्ताह भर पड़े रहते हैं। सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं लेकिन जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। चुनाव में सभी प्रत्याशी अनेकों प्रकार की घोषणा करते हैं। बावजूद अभी भी जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि ने द्वारा कोई ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं।

### विद्युत कटौती से किसान की धान रोपाई भी बाधित

बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों ने धान की रोपाई की तैयारियां तेज कर दी हैं, लेकिन लगातार हो रही विद्युत कटौती ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। खेतों की सिंचाई के लिए किसान पूरी तरह बिजली से चलने वाले पंपों पर निर्भर हैं, मगर घंटों बिजली गायब रहने से रोपाई का कार्य बाधित हो रहा है। पूरे रामदीन किसान अवधेश मिश्रा रहमतगढ़ निवासी प्रियांशु तिवारी, पूरे दुनिया निवासी रामजीत पाल बताते हैं कि पूरे 24 घंटे में सिर्फ 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। अगर समय पर धान की रोपाई नहीं हुई, तो फसल का उत्पादन प्रभावित होगा। वहीं कुछ किसानों ने डीजल से चलने वाले पंपसेट का सहारा लेना शुरू कर दिया है, लेकिन डीजल के दाम बढ़ने से यह विकल्प भी महंगा साबित हो रहा है। गरीब और सीमांत किसान इससे सबसे अधिक प्रभावित हैं। रहमतगढ़ गांव के ही एक और किसान, सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि बिजली न होने के कारण हम रात में जागकर रोपाई कर रहे हैं, जब थोड़ी देर के लिए बिजली आती है। सरकार को किसानों की इस परेशानी पर ध्यान देना चाहिए।


अवधेश मिश्रा।


प्रियांशु तिवारी।


रामजीत पाल।

> 18 घंटे विद्युत आपूर्ति होती है परंतु आए दिन कोई न कोई फाल्ट रहता है। इस समय लाइट न आने का कारण खेतों में जर्जर पोल हटाएं जा रहे हैं। इसलिए असुविधा हो रही है।
> –राजेश चौहान, एसडीओ

## एक नजर

### अराजक तत्वों ने धार्मिक झंडे उखाड़े

**जगदीशपुर।** थाना क्षेत्र के दखिखन ग्रामसभा के पूरे मौजम गांव में मंगलवार को सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई। आधा दर्जन बाइक सवार उपद्रवियों ने मोहर्रम में लगाए गए झंडों को उखाड़ कर फेंक दिया। इस दौरान अराजक तत्वों ने दूसरे धर्म के नारे भी लगाते नजर आए। कोतवाल डी के यादव ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर घटना में शामिल अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है।

### शिवरतनगंज के भिखारीपुर में पेड़ों की कटाई जारी

**तिलोई।** तहसील क्षेत्र में लकड़ी माफिया जिले के डीएम संजय कुमार चौहान के वृहद वृक्षारोपण अभियान पर पानी फेरने में जुटे हुए हैं। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान लगातार जारी है जबकि हरे पेड़ों की कटान रोकने के लिए वन क्षेत्राधिकारी तिलोई जहीर मिर्जा से लेकर डीएफओ रणवीर मिश्र ने अपने मातहतों को कटान पर रोक लगाने के निर्देश भी जारी किए हैं। ताजा मामला शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव का है जहां सोमवार की रात नहर कोठी के समीप तीन गूलर एक नीम तथा दो जामुन फलदार पेड़ों को लकड़ी माफियाओं ने जमींदोज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा ने कहा कि उक्त मामले में जांच पड़ताल करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### शातिर अपराधियों के पास से असलहा बरामद, दो गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सटीक सूचना पर मोहनगंज थाना पुलिस ने दो अन्तरजनपदीय शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से अवैध असलहा व कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में पहला नाम वसीम अहमद पुत्र मुस्तकीम अहमद का है, जो मूलत: पाण्डेय का पुरवा मजरे खेखरुआ थाना शिवरतनगंज का निवासी है और वर्तमान में तिवारी का पुरवा मजरे सेमरौता थाना शिवरतनगंज में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 27 वर्ष है। दूसरे अभियुक्त का नाम नौशाद पुत्र इम्तियाज है, जिसकी उम्र करीब 22 वर्ष है और वह मनीमनोहर थाना मोहनगंज का निवासी है।

### 20 यूनिट रक्त संग्रहित

**मुंशीगंज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिवस पर महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने मुंशीगंज अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। रक्तदान करने वालों में एडवोकेट सूबेदार यादव, डबलू पाल, धर्मराज पाल, शमशाद खान जायसी समेत 20 लोगों ने भाग लिया। सीओओ अवधेश शर्मा व जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### 150 प्रतिभागियों के साथ पुनर्वास कार्यक्रम की शुरुआत

**मुसाफिरखाना( अमेठी) अमृत विचार(** कस्बे स्थित ओंकार एजुकेशनल वेलफेयर मुसाफिरखाना के तत्वावधान में मंगलवार को तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक विजय शंकर तिवारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। यह कार्यक्रम 1 जुलाई से 3 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

# भीख मांगने वाले को अखिलेश ने राजा बनाया : राम उदित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी (सपा) के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने पार्टी से निष्कासित विधायक राकेश प्रताप सिंह को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होने मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए गौरीगंज सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह के लिये कहा जो कल तक भीख मांगने वाला व्यक्ति था उसको अखिलेश यादव ने राजा बना दिया। इतना नालायक विधायक आज तक गौरीगंज में नहीं हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज आप लोगों से कहना चाहता हूं कि नवीन परिसीमन 2012 में मुसाफिरखाना ब्लॉक गौरीगंज विधानसभा में जुड़ा। तब पार्टी का विधायक गौरीगंज से निर्वाचित हुआ। उन्होंने पूर्व के चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि साल 2012 के पहले पांच बार समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़े थे जो जीत नहीं पाए थे। राम उदित यादव ने आगे कहा गौरीगंज की धरती पर इतना नालायक विधायक आज तक ना हुआ है ना आगे होगा। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी ने हाल के दिनों में ही समाजवादी पार्टी के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह को पार्टी से निकाल दिया था। तब से सपा और विधायक राकेश प्रताप सिंह में वाक युद्ध जारी है। जिला कार्यालय पर सपा कार्यकताओं ने केक काट कर सपा मुखिया अखिलेश यादव का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता डा सिंधु जीत सिंह ने 52 लोगों को साइकिल वितरित किया।


पौधरोपण करते पूर्व सपा जिला अध्यक्ष प्रियंका हरि विजय त्रिपाठी धीरू।

### पौधरोपण कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

गौरीगंज। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन नन्दमहर में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी "धीरू" द्वारा सपाइयों व अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को केक काटकर व पौधरोपण कर लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिला प्रवक्ता विजय यादव, अरुण दुबे सहित सपाई व समर्थक मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, दो डंफर सीज

**जगदीशपुर, अमृत विचार।** अवैध खनन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुन्नौर और चकबहेर गांव में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से यह खनन कार्य जारी था। हालांकि जैसे ही इसकी सूचना एसडीएम अभिनव कनौजिया को मिली, उन्होंने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम के आदेश पर कादूनाला पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई। पुलिस ने मौके से मिट्टी से लदे दो डंफरों को जब्त कर लिया है।

# अन्य राजनीतिक दलों से सावधान रहे बहुजन समाज : विश्वनाथ

अमेठी

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की सेक्टर स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जगदिशवापुर, गजेंहडी में आयोजित की गई। बैठक में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की जातिवादी मानसिकता और भेदभावपूर्ण नीति के कारण भारतीय संविधान की व्यवस्थाएं ठीक ढंग से लागू नहीं हो पाई हैं। कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए कांशीराम साहब का नाम लेते हैं, उन्होंने मंहगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर योगी सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि फ्री में गैस सिलिंडर बांटने वाली सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम इतने अधिक बढ़ा दिए हैं कि अब गरीब और मजदूर परिवार की महिलाएं लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाने को मजबूर हैं।, नौजवान नौकरी के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार नौकरी देने के बजाय नौकरी छीनने का काम कर रही है। बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी के के आर्य ने किया। जिला प्रभारी अरुण कुमार गौतम, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, वरिष्ठ नेता रामानंद मौर्य, दिनेश गौतम, विधानसभा अध्यक्ष विजय गौतम, मोहन लाल, विधानसभा प्रभारी राम सजीवन कोरी, रमेश मौर्य, महेश कुमार, राजकुमार पासी, सेक्टर अध्यक्ष रोशन बौद्ध, आदि मौजूद रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद अमेठी में मंगलवार से शुरू हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय गौरीगंज से एक जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, स्टाफ नर्स एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य कर्मी शामिल हुए, जिन्होंने नगर में भ्रमण कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि यह अभियान शासन के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देना है।

# स्कूल चलो अभियान का आगाज, बच्चों का स्वागत



बच्चों के साथ उपस्थित बीएसए संजय तिवारी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** ग्रीष्मावकाश के बाद अमेठी जिले में मंगलवार को 'स्कूल चलो अभियान' के द्वितीय चरण की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ हुई। पहले ही दिन इसे एक उत्सव का रूप देते हुए जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। करीब 1.25 लाख नामांकित छात्रों में से लगभग 72,000 बच्चे पहले ही दिन विद्यालय पहुंचे, जो अभियान की सफलता की ओर संकेत करता है। विद्यालयों को विशेष रूप से सजाया गया था—फूलों, रंगोली, पत्तों, गुब्बारों और झाड़ियों से सजे स्कूल परिसर ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। छात्रों का स्वागत पारंपरिक रोली–टीका के साथ किया गया, जिससे उनमें आत्मीयता और विशेष होने का भाव जागा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालयों को बच्चों के लिए आनंददायक और सीखने के अनुकूल वातावरण बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

## उपलब्धियों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमेठी।** सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सीटेड के स्किल डेवलपमेंट कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार ने की। कार्यक्रम में स्टेड के चेयरमैन संजय सिंह तथा के उप निदेशक नागेंद्र कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजय कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्रालय द्वारा विगत चार वर्षों में किए गए प्रमुख कार्यों और नवाचारों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उप निदेशक नागेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए युवा सहकार योजना की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से युवा वर्ग को स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। साथ ही उन्होंने सहकार मित्र योजना की जानकारी भी दी।

# 45 में 35 कृषि स्नातक युवाओं का चयन

**कमरौली अमेठी, अमृत विचार।** प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल एंड एक्सटेंशन मैनेजमेंट (मैनेज), हैदराबाद के संरक्षण में कमरौली स्थित सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) में प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार के माध्यम से प्रदेश के 45 प्रतिभागियों में से 35 कृषि स्नातक युवाओं का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में विशेषज्ञों की समिति में कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के प्रभारी डॉ. नवनीत मिश्रा, सीटेड के निदेशक इंजीनियर संजय सिंह, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक जाफरगंज की उप शाखा प्रबंधक सुरभि राय, सफल कृषि उद्यमी मयंक मिश्रा एवं नोडल अधिकारी राकेश शुक्ला शामिल रहे। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। सीटेड के निदेशक इंजीनियर संजय सिंह ने बताया कि मैनेज द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और इसका उद्देश्य युवाओं को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु तैयार करना है। नोडल अधिकारी राकेश शुक्ला ने बताया कि चयनित सभी प्रतिभागी को न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सागर सुमन, अरविंद श्रीवास्तव, लवकुश उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सड़क बनी तालाब, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के महिमापुर गांव में दो दर्जन से अधिक गांव को जोड़ने वाली सार्वजनिक पक्की सड़क की हालत बद से बदतर है। बारिश के कारण भीषण जल भराव हो गया है। इससे ग्रामीण गिरकर घायल हो रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से नाराज़ ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण श्रीपाल यादव, रामकुमार, सुमंगल, योगेन्द्र यादव, कुलदीप, अमन कुमार, कामता, जितेन्द्र कुमार ने बताया कि यह मार्ग ऊंचाहार, पिपराहा, होरैसा, गोकना, गंगौली समेत दो दर्जन से अधिक गांव को जोड़ता है। यह समस्या लम्बे अरसे से लगातार बनी हुई है। लेकिन किसी अधिकारी ने सुध नहीं लिया है। ग्राम प्रधान अमरपाल यादव ने बताया कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई है। इसमें ग्राम पंचायत की ओर से कार्य नहीं कराया जा सकता है। नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा। नवागंतुक बीडीओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मैं जिला मुख्यालय में मीटिंग में हूँ। शिकायती पत्र प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल यादव, जगतपाल यादव, सुशील यादव, प्रवेश, राम प्रसाद, श्यामलाल, सुरेन्द्र कुमार, प्रहलाद, शिव बहादुर, नरेन्द्र कुमार, अमरनाथ आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा का हुआ स्वागत


एनएसपीएस त्रिपुला में प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा का स्वागत करते लोग।

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किए गए एनएसजीआई के संस्थापक–प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा का स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. शर्मा ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसका निर्वाहन वह पूर्ण मनोयोग से करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पंहुचाने एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में पूरे समर्पण के साथ अपना दायित्व निभाएंगे। डॉ. शर्मा ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बताते हुए कहा कि विद्यालय और अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से मैं पहले से ही आम जनमानस के बीच उनके सुख दु:ख में शामिल होता रहा हूं और समाज के उपेक्षित एवं निर्धन परिवारों की मदद के साथ ही अब राजनीति के माध्यम से यह सेवा कार्य और बेहतर करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए अखिलेश यादव, प्रदेश नेतृत्व और जिला अध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकानाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, उप–प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, शाहीन खान, रामदेव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे लाइन की मरम्मत को लेकर बंद रहेगा रेलवे गेट

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार उन्नाव रेलखंड के डलमऊ जंक्शन के पास रायबरेली डलमऊ मार्ग पर स्थित रेलवे गेट की रेलवे लाइन की चार दिन तक होने वाली मरम्मत के कार्य के चलते रेलवे गेट बंद हो जाने से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। राहगीरों को लगभग 6 किलोमीटर अधिक दूरी तय करके मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। ऊंचाहार उन्नाव रेल खंड के एक्सियन बृजभूषण सिंह ने बताया कि डलमऊ जंक्शन के पास रायबरेली डलमऊ मार्ग पर बने रेलवे गेट के पटरी की मरम्मत का कार्य 30 जून रात्रि 8 बजे से 4 जुलाई तक चलेगा। जिसके चलते रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक रेलवे गेट बंद रहता है। राहगीरो और वाहनों की व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई है ताकि किसी प्रकार की अवस्थाएं उत्पन्न न हो और दूसरे चयनित मार्गो से वाहनों का आवागमन कराया जा सके। कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि रेलवे गेट बंद होने के चलते वाहनों को दूसरे मार्ग से गुजारा जाता है जिससे किसी प्रकार जाम की समस्या ना उत्पन्न हो सके।

### कुएं में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**अमावां, रायबरेली।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे रग्घु मजरे कोटवारमऊ गांव निवासी आकाश (20) पुत्र लाल बहादुर गुड़गांव हरियाणा में रोजी–रोटी के सिलसिले में गया था। ग्रामीणों ने बताया कि बीती 23 जून को घर के लिए आकाश निकला था, लेकिन कई दिनों तक वह घर नहीं पहुंचा। मिल एरिया थाने के अलावा गुड़गांव पुलिस से भी परिजनों ने संपर्क किया, लेकिन आकाश का कुछ पता नहीं चल सका। इधर मंगलवार की सुबह मिल एरिया थाना क्षेत्र के हरियावां गांव के बाहर बने पंचायत भवन के पीछे बने एक कुएं के बाहर आकाश का कुछ सामान पड़ा मिला। साथ ही आधार कार्ड सहित कुछ दस्तावेज और कुएं से आई दुर्गंध पर लोगों की नजर कुएं में उतराते हुए शव पर पड़ी। सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से शव निकलवा कर जांच पड़ताल शुरू की कुएं में शव पड़े होने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने आकाश की हत्या कर शव को कुएं में फेक जाने की आशंका जताई है। क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य इकट्ठा किये। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया कि शव पीएम में भेजा गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### सुंदरकांड पाठ से शिक्षण कार्य प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज मे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्रथम शैक्षणिक दिवस पर सुंदर काण्ड, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक कैलाश बाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे ने कहा कि कोई भी कार्य करने के पहले हमारे सनातन धर्म में पूजन कार्यक्रम किया जाता है जिससे कार्य में सुगमता रहती है एवं मन को एकाग्रता प्राप्त होती हैं। प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि सुंदरकांड पाठ करने से हर कार्य सुंदर ढंग से संपादित होते हैं। रामनारायण सिंह, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्रा, रामशरण अग्निहोत्री, रमेश बाजपेई, दिवाकर सिंह, सुरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।


सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में मानस पाठ में अनूप पांडे और कैलाश बाजपेई।

**एडवाइजरी** | नगर पालिका परिषद के कई मोहल्ले में नहीं दूर हो पा रही जलभराव की समस्या, मूसलाधार बारिश से बढ़ जाती मुश्किलें

# बारिश में हर साल उफनाते तालाब बने मुसीबत, घरों से निकलना दुश्वार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** वैसे तो शहर को चमकाने के लिए नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार इन दिनों ऐड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। इसका असर भी साफ देखने को मिल रहा है। अधिकांश चौराहे शाम ढलते ही जगमगाने लगते हैं। साफ-सफाई व्यवस्था भी पहले से काफी बेहतर है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या आज भी बरकरार है। बारिश होते हुए नया पुरवा, शक्ति नगर, सर्वोदय नगर, आजाद नगर, स्वराज नगर, महानंदपुर समेत कई मुहल्ले के लोगों की धड़कने बढ़ने लगती है। वजह, इन क्षेत्रों में होने वाला जलभराव। मूसलाधार बारिश में तो सबसे खराब स्थिति नया पुरवा और शक्ति नगर की हो जाती है। इसकी वजह तालाबों का ओवरफ्लो होना है। बारिश का पानी आते ही तालाब उफनाकर मुहल्लों में भरने लगता है। ऐसा नहीं कि नगर पालिका की ओर से जल निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मड पम्प से लेकर जेट पम्प तक लगाया गया है, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं होता है। ऐसे में इस बार भी नगर पालिका के लिए जलजमाव से लोगों को बचाना किसी चुनौती से कम नहीं है।

नगर पालिका परिषद में 34 वार्ड है। इसमें करीब सवा दो लाख आबादी है। वर्तमान में शहर की सबसे बड़ी समस्या बारिश में जलभराव की है। नगर पालिका के नया पुरवा तालाब के किनारे स्थित है। यहां पर कई घर तालाब से सटे हुए हैं। कुछ ऐसा ही हाल शक्ति नगर में है। यहां पर भी लोगों द्वारा तालाब के किनारे ही मकान बनवा लिए गए हैं। ऐसे ही करीब दर्जन भर मुहल्ले ऐसे हैं, जहां पर तालाब या फिर निचला क्षेत्र होने के कारण जलभराव हो जाता है। इसको लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने आवाज भी उठाई, लेकिन तालाब से पानी की आगे की निकासी स्थायी नहीं होने के कारण कोई हल नहीं निकल सका। ऐसे में हालात जस के तस बने हुए हैं।


नया पुरवा में पानी से घिरा एक घर।


शक्ति नगर में घरों तक पहुंचा तालाब पानी।

### जिम्मेदार बारिश बंद होने का करते हैं इंतजार

बालापुर के भूपेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि तालाब सुरक्षित नहीं रह गए हैं। जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिम्मेदार तो सिर्फ बारिश बंद होने का इंतजार करते हैं। भाजपा नेता शशिकांत शुक्ला का कहना है कि बारिश में समस्या काफी बढ़ जाती है। निचले इलाकों की कौन कहे मूसलाधार बारिश में तो कई मुहल्लों में घरों के अंदर तक पानी पहुंच जाता है। सोनू सिंह का कहना है कि अवैध निर्माण के कारण नजरवा ताल की काफी भूमि हड़प ली गई है। यहां पर हर साल आसपास के घरों के अंदर पानी भर जाता है। कभी–कभी तो पंप भी काम नहीं करने लगता है।


भूपेंद्र श्रीवास्तव।


शशिकांत शुक्ला।


अजय सिंह सोनू।

### नालों की सफाई अभियान में आई तेजी

नगर पालिका परिषद की ओर से नालों की सफाई में लगातार तेजी दिखाई जा रही है। अधिकांश प्रमुख नाले साफ हो चुके हैं। जलभराव की समस्या का सबसे बड़ा कारण तालाबों के आसपास का कब्जा होना है। इसके कारण पानी बाहर नहीं निकल पाता है। इससे स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है।

### नालों की लगातार कराई जा रही सफाई

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि बारिश में जलजमाव से बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। खासतौर पर निचले क्षेत्रों में जेट पंप की मदद ली जा रही है। नालों पर गलत तरीके से कराए गए निर्माणों को ढहवा दिया गाय है।

# बारिश से कई जगह जलभराव


शहर के जवाहर विहार कालोनी के निकट सुल्तानपुर रोड पर होरही झमाझम बारिश।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मानसून ने जिले में दस्तक दे दी है। पिछले दो दिन से लगातार बादल आसमान में छाए हुए हैं। छुटपुट बारिश भी हो रही है। मंगलवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश हुई। इससे गर्मी से परेशान लोगो को निजात मिल गई। वहीं बारिश से एक बार जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। हालांकि किसानों के लिए बरसात मुंह मांगी मुराद से कम नहीं है। वर्तमान में धान की रोपाई चल रही है। ऐसे में सिंचाई की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए इंद्रभगवान किसी सौगात से कमी नहीं दे रहे हैं। शहर में दोपहर बाद बारिश शुरू हुई। इस दौरान रूक-रूककर बारिश होती रही। इसके कारण कई जगह जलभराव की स्थिति हो गई। वहीं किसान रामकुमार, सूरजदीन, शिव प्रकाश, राम सुमिरन आदि का कहना है कि यह बारिश खेतों के लिए काफी हितकर है। इससे सिंचाई की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही मौसम भी धान रोपाई के अनुकूल हो गया है। इससे अब रोपाई के कार्य में तेजी आएगी।

## एक नजर

### जिला महामंत्री बनाए जाने पर जताई खुशी

**जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना को कांग्रेस पार्टी का जिला महामंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूलमाला पहनकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। राकेश सिंह राना ने कहा कि पार्टी ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। लोगों को पार्टी से जोड़ने और पार्टी के प्रचार प्रसार का काम करूंगा। इस मौके पर विजय करन सिंह, त्रिलोकी सिंह, अरुण सिंह, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता ने दुष्कर्म का लगाया आरोप

**ऊंचाहार,रायबरेली,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने गांव के युवक पर घर में घुसकर चाकू की नोक पर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं आरोपी ने उसका वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी देकर रोज प्रताड़ित करने लगा। आरोपी की बात न मानने पर उसने पीड़िता का वीडियो वायरल कर दिया। इससे उसकी समाज में छवि धूमिल हो गई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि महिला द्वारा उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। जिसकी गहनता से जांच कराई जा रही है। पूर्व में महिला और प्रतिपक्षी के बीच प्रतापगढ़ जनपद में सुलह समझौता किया जा चुका है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दिव्यांग की मौत

**हरचंदपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के डिडौली पटेल ट्रेडर्स के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पुरे नैकानी मजरे डिडौली निवासी दिव्यांग देशराज पुत्र अशोक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमाट्रम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### स्मृति पार्क व प्रतिमा स्थापना स्थल का भूमि पूजन आज

**रायबरेली,अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद एवं आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति द्वारा संयुक्त रूप से कानपुर रोड स्थित राजघाट के निकट प्रस्तावित "स्मृति पार्क" एवं 10 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा की स्थापना हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम दो जुलाई को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमेठी सांसद केएल शर्मा होंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ल एवं संयोजक गौरव अवस्थी ने संयुक्त रूप से दी है।

### प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** विगत माह की भांति इस माह भी 1 जुलाई 2025 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पीसी इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड बृजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, अशफाक, सूरज कुमार वर्मा, दिनेश गोस्वामी, रविकांत पाण्डेय, अजय चौधरी, हिमांशु, कुंदन, धर्मेंद्र कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**महराजगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा आज बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में गई विद्युत लाइनों पर पेड़ की साफ सफाई व पेट्रोलिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बुधवार को बेराडू से महराजगंज ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र को आने वाली 33 केवी लाइन के अगल-बगल आ रहे पेड़ की टहनियों की छटाई का कार्य होना प्रस्तावित हुआ है। महराजगंज ग्रामीण उपकेंद्र से सम्बन्धित क्षेत्रों का सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### अराजकतत्वों ने अधेड़ को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** मंगलवार को राकेश पुत्र ददऊ निवासी लल्ली की चक्की जगतपुर किसी कार्य से आया था। तभी वह थाने के बाउंड्री के बगल खड़ा था और आधा दर्जन अराजकतत्व आकर उसे मारने पीटने लगे। जबकि वह चीख पुकार मचा रहा था, लेकिन बचाने कोई नहीं दौड़ा। इसके बाद स्थानीय लोग व जगतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को एंबुलेंस की मदद से जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। दबंगों को जगतपुर पुलिस का तनिक भी भय नहीं है। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि घायल का उपचार किया जा रहा है।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुल्डोजर

## ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर इस बार फिर ढोंग रचाने में कामयाब रहा आरडीए

संवाददाता, रायबरेली



सुल्तानपुर आइमा गांव में की गई अवैध प्लाटिंग को ढहाती आरडीए की जेसीबी।

**अमृत विचार।** नगर व शहर के आसपास चल रहे अवैध प्लाटिंग के खेल पर विकास प्राधिकरण ने शिकंजा कसते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया। विकास प्राधिकरण की कार्रवाई से प्रॉपर्टी डीलरो में हडकंप मच गया। नगर मजिस्ट्रेट व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरजा तो नगर मजिस्ट्रेट का फोन भी बजने लगा।

मंगलवार को मुंशीगंज कस्बा व एम्स के निकट सुल्तानपुर आइमा व मधुपुरी गांव में चल रही बडे. पैमाने पर अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। नगर मजिस्ट्रेट व भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर को देख प्रापर्टी डीलरो के हाथ पैर फूलने लगे। एम्स से सटे नहर के बगल मे बडे पैमाने पर अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की गई। नुकसान होता देख प्रापर्टी डीलर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रुकवाने के लिए हाथ पैर मारने लगे, तो नगर मजिस्ट्रेट का फोन भी बजने लगा, लेकिन नगर मजिस्ट्रेट पर दबाव उनके काम नहीं आया। एम्स आ जाने के बाद से एम्स के आसपास की जमीन के दाम आसमान छूने लगे। अवैध प्लाटिंग के खेल मे प्रापर्टी डीलर पैसा बचाने के चक्कर मे विकास प्राधिकरण के मानको को दर किनार कर अपनी जेबे भरने मे लगे हुए है, लेकिन प्रापर्टी डीलरो की माने तो अवैध प्लाटिंग के खेल में विकास प्राधिकरण भी बराबर का हिस्सेदार होता है। अपना गिरेबान बचाने के चक्कर में विकास प्राधिकरण समय-समय पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर पाक साफ होने का ढोंग रचने में इस बार फिर कामयाब रहा।

इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट राम औतार ने बताया कि अवैध प्लाटिंग पर अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। नोटिस भी दी जाएगी।

## डाक्टर्स डे पर किया सम्मानित



चिकित्सक को सम्मानित करते जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना।

**जगतपुर, रायबरेली।** डॉक्टर डे जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने चिकित्सकों को सम्मानित किया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि डॉक्टर दिन रात मेहनत करके लोगों को स्वस्थ करते हैं। यह आज धरती के भगवान है। इनका आदर करना उनकी सेवा सम्मान करना हम सब नागरिकों का फर्ज है। इस दौरान उन्होंने डा. शिव मूर्ति सिंह, डॉ अजय कृष्ण, सीएचसी अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर को सम्मानित किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

संवाददाता, सलोन, रायबरेली



युवक की मौत पर गमगीन परिजन। अमृत विचार

▸▸ **परिजनों ने जहर देकर मारने का लगाया आरोप, पुलिस चौकी पर शव रखकर प्रदर्शन**

**अमृत विचार।** जमीनी रंजिश में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में एम्स हॉस्पिटल ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही लोगो पर जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए शव को पुलिस चौकी पर रखकर जमकर हंगामा किया। पुलिस के घंटों मान मनौव्वल के बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के करहिया चौकी अंतर्गत कान्हपुर निवासी बृजेश पांडे (40) पुत्र मुरलीधर पांडे सोमवार की देर रात गांव के बाहर प्राइमरी पाठशाला के समीप अचेत अवस्था में पड़े मिले थे। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन से रेफर कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वही हालत बिगड़ने पर युवक को एम्स रेफर कर दिया। एम्स ले जाते समय उसकी रास्ते मे मौत हो गई। मंगलवार की सुबह शव लेकर गांव पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना सलोन पुलिस को दी। इसके बाद शव लेकर चौकी पहुंच गए। मृतक की पत्नी बबिता का आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर राकेश पासी समेत उसके साथियों ने उसके पति को जहर देकर मार डाला है। पत्नी ने बताया कि उसके पति ब्रजेश पांडेय सोमवार को सुबह करीब दस बजे करहिया जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर शाम गांव स्थित प्राइमरी स्कूल के पास पति को बेहोशी की हालत में गांव के ही पंकज पांडेय ने देखा था। सूचना पर परिवार के ही अनुज पांडेय और लवलेश पांडेय उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। आरोप है कि युवक बृजेश ने बताया था कि राकेश पासी और उसके साथियों ने मिलाकर उन्हें कुछ खिला दिया है। कहा,की "मेरी जुबान ऐंठ रही है, पानी पिलाओ।" इसके बाद एम्स ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। वही घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सलोन और सूची की पुलिस फोर्स करहिया चौकी पर बुला ली गई। काफी समझाने बुझाने पर परिजन शांत हुए। कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह का कहना कि अचेत अवस्था मे बृजेश पांडे को सीएचसी ले गए थे। युवक ने अत्यधिक शराब पी थी।जिसके चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया था। अल्कोहल की मात्रा अधिक होने के चलते एम्स ले जाते समय युवक की मौत हुई है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर विपक्षी राकेश पासी, नवनीत, अभिजीत प्रताप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समाज के सबसे महत्वपूर्ण व अभिन्य अंग हैं डॉक्टर : सपना



हरचंदपुर सीएचसी में डॉक्टर को पोस्टर भेंट करते बच्चे। अमृत विचार

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में 'डॉक्टर्स डे' पर बच्चों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरचन्दपुर में डॉक्टर्स को ग्रीटिंग कार्ड व पोस्टर भेंट किया। विद्यालय की छात्रा स्तुति, उमैमा, अंशिका, आयुषी तिवारी, नूतन सिंह, अन्नपूर्ण मौर्या, शिवानी, साक्षी सिंह, समृद्धि सिंह, विद्यालय के छात्र तालिब, अभिनव, आदर्श सैनी, हर्षित, जय किशन ने डॉक्टर्स डे पर अपनी भावनाओ को अपने शब्दों में सभी डॉक्टर्स के सामने प्रगट किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. राजीव गौतम (अधीक्षक), डॉ. सचिन निगम, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. हीरालाल वर्मा, डॉ. मीना गुप्ता, डॉ. पूजा सिन्हा, डॉ. बीके सिंह, केबी सिंह, विरेन्द्र यादव, डॉ. आरती सिंह, डॉ. कैलाश बहादुर सिंह आदि स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को दिया। प्रधानाचार्या सपना श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य केंद्र में बच्चो को संबोधित करते हुए कहा की डॉक्टर्स समाज के सबसे महत्व पूर्ण व अभिन्य अंग होते है। इसलिए उन्हें धन्यवाद और आदर देने के लिये वर्ष का एक दिन समर्पित किया गया है। ये एक महत्वपूर्ण दिवस है जो हर वर्ष जुलाई महीने की एक तारिक को मनाया जाता है। इस मौके पर विकास श्रीवास्तव, कुदीप शुक्ला, अभय कश्यप, स्नेहा वर्मा, ममता, आकाश, पवन शर्मा, सहदेव यादव, जैनुलब्दीन, मोहित सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, शिवम मिश्रा आदि क्षेत्रवासि मौजूद थे।

# विद्युत आपूर्ति बाधित उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** सोमवार को विद्युत उप केन्द्र शिवगढ़ में क्लीनिंग एवं अनुरक्षण कार्य चलने के कारण सुबह 5 से देर रात तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। वहीं बैंती में विद्युत आपूर्ति शुरू होने के कुछ ही घण्टे बाद 11 हजार वोल्टेज लाइन के तारों पर पेड़ गिरने से रात 1:45 से मंगलवार की सुबह 8:30 बजे तक आपूर्ति बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। यही आलम मंगलवार को भी रहा।

नवागन्तुक शिवगढ, महराजगंज एसडीओ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण विद्युत उपकेंद्र में लगे उपकरणों एवं मशीनों में नमी आ गई थी जिन्हें खराब होने से बचाने के लिए दिन में 5 केवीए ट्रांसफार्मर से लेकर 11 केवी पैनल की क्लीनिंग तथा 33 हजार मेन लाइन की पेट्रोलिंग के साथ क्लीनिंग एवं अनुरक्षण कार्य चल रहा था जिसके चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रही। शाम 6:30 बजे जैसे ही विद्युत सप्लाई शुरू की गई। इनकमिंग ट्रॉली नम्बर दो में जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया, जिसे रात में रायबरेली से आई पैलन टीम ने कई घण्टों की कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह सही करके विद्युत आपूर्ति बहाल कराई। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शाम साढें 8 बजे से विद्युत आपूर्ति बहाल करनी शुरू कर दी थी और रात करीब साढ़े 9 बजे तक विद्युत सामान्य हो गई थी। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते जहां रायपुर नेरुवा तथा अहलादगढ़ में रखा 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था।

वहीं रात्रि करीब 1:45 बजे बैंती में पेड़ 11 हजार लाइन के तार पर गिरने से तार टूट गए थे। रात्रि में बेड़ारु ट्रांसमिशन से कई बार रोस्टिंग होने से कारण कई बार विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। एसडीओ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रयास है कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्वाध रूप से विद्युत सप्लाई की जाए। विद्युत व्यवस्था में सुधार न होने पर राजेश त्रिवेदी, राकेश त्रिवेदी, छोटू, नीरज अवस्थी आदि लोगों ने आक्रोश व्याप्त है।

# बेरोजगारों, किसानों की उम्मीद हैं अखिलेश यादव : इं.वीरेन्द्र

संवाददाता, रायबरेली



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा में सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृहद वृक्षारोपण, जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती सैकड़ों मरीजों को फल वितरण, दो दर्जन कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान, गरीबों एवं राहगीरों को सुपर मार्केट में भोजन एवं फल वितरित किया गया। संगोष्ठी में ज़िलाध्यक्ष इं.वीरेंद्र यादव ने कहा कि देश के करोड़ों युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों के न्याय, हक़ एवं अधिकार के लिए सड़क से लेकर संसद तक की मजबूत आवाज अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर संकल्पित होकर आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास, छात्रों, युवाओं को रोजगार के अवसर, किसानों मजदूरों की खुशहाली, महिलाओं के सशक्तिकरण करना है।

बछरावा विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि पीडीए के नायक अखिलेश यादव ही उत्तर प्रदेश में समता एवं संपन्नता का राज स्थापित करेंगे। हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के जुल्म एवं ज्यादती का एक ही जवाब अखिलेश यादव की सरकार बनाना है। इस अवसर पर रामदेव यादव, डीपी पाल, मो.अरशद खान, ओपी यादव, ओम प्रकाश मिश्रा, सरफराज रायनी, शशिकांत शर्मा, मुनेश्वर पासी, मिश्रीलाल चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पौधरोपण से हुआ वन महोत्सव का शुभारंभ

**रायबरेली, अमृत विचार।** इंदिरा उद्यान मे पौध रोपित कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया। एसडीओ मयंक अग्रवाल ने पौधरोपण कर कहा कि वन महोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। सभी को एक पेड मां के नाम लगाना है। उन्होंने बताया कि इंदिरा उद्यान में आम जामुन सहित कई पेड़ लगाए गए है। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी अशोक श्रीवास्तव, सारदा बक्स सिंह, नितिन सिंह, यूनुस खान, आशीष मौर्य, आशीष यादव, संजय सिंह मौजूद रहे।

जागरूकता | डीएम ने प्रचार-प्रसार व फॉगिंग वाहन को दिखाई हरी झंडी

# सफाई अपनाएं, संचारी रोगों से मुक्ति पाएं

रायबरेली



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम हर्षिता माथुर व अधिकारी।

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कंपोजिट विद्यालय चक अहमदपुर में बच्चों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहु, जिला स्तरीय अधिकारियों को शपथ दिला कर किया। इस मौके पर संचारी रोगों से बचाव के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जागरूकता रैली, प्रचार प्रसार व फॉगिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सफाई अपनाएं, जागरुकता बढ़ाएं संचारी रोगों से मुक्ति पाएं जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव पूरी तरह संभव है। जागरूकता और व्यापक साफ सफाई से संचारी रोगों से बचा जा सकता है। संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया मच्छरों के काटने से ही होते हैं। इसलिए सभी लोग साफ सफाई रखें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा स्टॉप डायरिया कैंपेन व 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान कोई सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 13 विभाग सहयोग कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह मौजूद रहे।

### संचारी रोगों के नियंत्रण की स्वास्थ्य कर्मियों ने ली शपथ

**जगतपुर, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को आशा, एएनएम व समस्त स्वास्थ्य कर्मियों ने शपथ ग्रहण कर जनस्वास्थ्य के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने की। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई, जलजमाव से बचाव एवं समय पर चिकित्सा परामर्श जरूरी है। बीपीएम संदीप सिंह व बीसीपीएम रामेश्वर ने अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रवि कपूर, कुलदीप त्रिवेदी, रजनीश सिंह, महेन्द्र कश्यप, अभिषेक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर गांव-गांव जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने व समय पर इलाज हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने मेधावी सुरेश पाल को किया सम्मानित



मेधावी सुरेश पाल को सम्मानित करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**रायबरेली,अमृत विचार।** जिले का प्रतिष्ठित राजकीय इंटर कालेज। प्रदेश की टॉप टेन की सूची में आने के लिए विद्यालय को 20 साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के छात्र सुरेश पाल पुत्र गंगा राम पाल ने प्रदेश की सूची में शामिल होते हुए नौवां स्थान हासिल किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में 94 .17 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेधावियों के लिए सुविधा मायने नहीं है। शिक्षक अगर अच्छे हैं और बच्चे मन से तैयारी करें तो सरकारी विद्यालयों से अपने माता-पिता और जिले का गौरव बढ़ा सकते हैं। ऐसा सुरेश पाल ने कर दिखाया। उन्होंने अभिभावकों को भी बधाई दी। साथ ही आगे भी बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षण संजीव कुमार सिंह व छात्र के अभिभावक उपस्थित रहें।

### प्रोफेसर निरंजन राय बने बैसवारा महाविद्यालय के प्राचार्य



प्राचार्य बनने पर डॉक्टर निरंजन राय को माला पहनाकर स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा महाविद्यालय में सोमवार को प्रो . शीला श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने के बाद वरिष्ठ प्रोफेसर निरंजन राय को प्राचार्य पद का कार्यभार प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह और प्रबंध समिति द्वारा ग्रहण कराया गया। प्रबंधक ने प्रो . निरंजन राय को माला पहनाकर नए कार्यभार की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक ने कहा कि प्रो . शीला श्रीवास्तव के दो वर्ष के अल्प समय में महाविद्यालय ने अनेक ऊंचाइयां प्राप्त की ।मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इसके पूर्व भी प्रो . निरंजन राय प्राचार्य पद को सुशोभित कर चुके हैं। नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता महाविद्यालय में घटती हुई छात्र संख्या को बढ़ाना है। इस मौके पर ब्रह्म प्रकाश सिंह, प्रो . पुष्पा बरनवाल, डा अजय कुमार सिंहा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डा संजीत सिंह चौहान, डॉ प्रवीण कुमार सिंह, डा अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा के साथ हुनरमंद बन रहे नौनिहाल



बच्चों द्वारा बनाए पोस्टरों के साथ शिक्षिका।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** अब प्राइमरी स्कूल के बच्चे भी शिक्षा के साथ-साथ कला और अन्य विधाओं में हुनर प्राप्त कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय शेखवापुर द्वितीय की हेड मास्टर स्मिता गुप्ता ने बच्चों को अतिरिक्त क्लास के द्वारा चित्रकला जैसी विधा में पारंगत करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हम शिक्षकों की है। हालांकि बाउंड्रीवाल न होने के चलते बच्चों के जीवन को खतरा बना रहता है। सहायक शिक्षक दीपमाला तिवारी ने कहा कि हम लोगों की निगाह सदैव बच्चों पर रहती है। प्राथमिक स्कूल महमदमऊ मे भी काफी बच्चे स्कूल पहुंचे थे। हेड मास्टर वीरेंद्र कुमार और सहायक शिक्षक संजय बाजपेई बच्चों को पढ़ा रहे थे। महमद मऊ स्कूल के अंदर भी कीचड़ था। बाउंड्री वॉल तो बनी हुई है लेकिन गेट न होने के चलते जंगली जानवरों के अंदर घुसने का भय बना रहता है। वहीं ग्राम प्रधान का कहना है कि प्रशासन से अनुमति लेकर मिट्टी डलाई जाएगी और गेट जल्द लगाया जाएगा।


### प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ



प्राथमिक विद्यालय सिधौना में बच्चों के साथ बीईओ ऋचा सिंह।

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह के नेतृत्व में विकास खंड अमावा के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और कंपोजिट विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के आयोजन मे प्राथमिक विद्यालय कोडरस बुजुर्ग, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोडरस बुजुर्ग,उच्च प्राथमिक विद्यालय डिडौली एवं प्राथमिक विद्यालय चकपीरशाह आदि विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों के साथ ग्राम भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय में संचारी रोग संबंधित जागरूकता शपथ दिलाई गई। बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की रैली में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पहरावा, प्राथमिक विद्यालय सिधौना एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सिधौना में बच्चों को तिलक लगाकर और फूलों से स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सिधौना के आयोजन में सम्मिलित होकर बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### उत्साह के साथ स्कूल पहुंचे नौनिहालों का हुआ स्वागत



न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में पूजा अर्चना करते बच्चे। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में गर्मी की छुट्टियों के अवकाश का आनंद लेने के पश्चात प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए भी खुल गया। छोटे-छोटे बच्चे हंसते खिलखिलाते उत्साह पूर्वक जब अपने स्कूल पहुंचे तो उनके टीचर्स ने भी बड़े ही स्नेहिल भाव से उनका स्कूल गेट पर स्वागत किया। विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने मां सरस्वती का पूजन कर उनका आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।

### टीका और माला पहनाकर छात्रों का स्वागत



छात्र को माला पहनाकर स्वागत करती शिक्षिका। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास खण्ड में मंगलवार विद्यालय खुलने पर कुछ अलग ही माहौल देखने को मिला। छात्रों को विद्यालय पहुंचने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पहले टीका लगाया। उसके बाद माला पहनाकर स्वागत किया । स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में रैली निकाली गई। पीएम श्री विद्यालय धुरेमऊ में बच्चों को टीका लगाकर स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी सरेनी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी द्वारा प्राथमिक विद्यालय सतवाखेड़ा का निरीक्षण किया गया। साथ ही संचारी रोग से बचाव के लिए शपथ दिलाई गई।

### कर्बला की जंग की यादों से आंखें हुईं नम

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मंगलवार को पांचवीं मुहर्रम पर ऊंचाहार कस्बे में कई मजलिसे हुई। इसमें कर्बला की घटना को याद करके हुसैन और उनके कुनबे की शहादत को नमन किया गया। नगर के अली मुक्तदा के मकबरे में हुई मजलिस में मौलाना अली मोहम्मद ने कहा कि आग से तपती रेत पर मासूम बच्चे , महिलाएं व बीमार आगे बढ़ रहे थे , दीन और इनाम की रक्षा के लिए उनके कदम रसूल के बताए रास्ते पर थे। लेकिन जालिम यजीद का कहर जारी रहा। ओवेश नकवी ने बताया कि हुसैन का भारत से गहरा रिश्ता था। भारत देश के हर हिन्दू, मुसलमान से उनको बहुत प्यार था। इस्लाम की रक्षा के लिए हुसैन ने अपने 72 लोगो की कुर्बानी देकर यजीद की हस्ती को मिटा दिया। सुल्तान अब्बास, असद हुसैन, शाजू नकवी, आरिस नकवी, शानू नकवी, अजहर अब्बास नकवी आदि मौजूद रहे।

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड, जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान,वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

-फेसबुक वॉल से

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### महिला की पिटाई में बेटे सहित दंपति पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के पलियादेव सलेमपुर के मजरा करीमनगर में महिला को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता किरन देवी पत्नी रामदास के अनुसार वह 26 जून को अपने घर में थी। गांव निवासी प्रेमपाल अपनी पत्नी प्रेमवती और पुत्र अमन के साथ लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आए ग्रामीणों ने उसे बचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### पवन गुप्ता के एसडीएम बनने पर लोगों में प्रसन्नता

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर निवासी रामचन्द्र गुप्ता अवकाश प्राप्त अध्यापक के सुपुत्र व समाजसेवी डा. नीरज गुप्ता के छोटे भाई पवन कुमार गुप्ता को तहसीलदार पद से पदोन्नति होकर मथुरा जिले की मांट तहसील में उपजिलाधिकारी बनाया गया।

### विधवा के कच्चे मकान की छत ढही, परिवार परेशान

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक स्थित रहुला गांव में सोमवार को हुई बारिश ने विधवा महिला के कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। रहीसन के मकान की दीवार ढह गई। फूस के छप्पर वाले इस मकान में रहने वाले परिवार को खुले में रात बितानी पड़ी। गनीमत रही कि दीवार गिरने के समय बच्चे घर में नहीं थे। रहीसन ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से आवास योजना का इंतजार कर रही हैं। लेकिन अभी तक उन्हें पक्का मकान नहीं मिला। गांव के सचिव रनन्जय राना ने कहा कि आवास सूची में रहीसन का नाम है या नहीं, इसकी जानकारी शाम तक दी जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है।

### घात लगाकर मारपीट करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी एक अधिवक्ता ने युवक पर घात लगाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित संत कुमार गौर की तहरीर पर पुलिस ने हरियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम संधिनावा निवासी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# प्रधान व सेक्रेटरी पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज

## बिना नाली निर्माण कार्य कराये निकाला पैसा, एक साल बाद निर्माण कार्य शुरू कराया

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद ब्लॉक में भ्रष्टाचार का बोलबाला किस कदर है इसका स्पष्ट प्रमाण है ग्राम पंचायत सेक्रेटरी और वर्तमान प्रधान के ऊपर लिखा गया सरकारी धन के दुरूपयोग करने का मुकदमा। ग्राम पंचायत सेक्रेटरी और प्रधान ने 18 मार्च 2024 को बिना नाली निर्माण का कार्य कराए हुए सरकारी धन खाते से आहरित कर लिया। यह खबर जब अमृत विचार में सुर्खियां बनी तो जांच सही पाये जाने के बाद पंचायत सेक्रेटरी और प्रधान के खिलाफ एडीओ पंचायत द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद ब्लाक अधिकारियों में उथल-पुथल मची हुई है। लखनऊ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र अमृत विचार



बिना नाली बने ही निर्माण के मद में निकल गए 40 हजार

29 जून को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**खबर का असर**

ने 29 जून के अंक में 'बिना नाली बने ही निर्माण के मद में निकल गए 40 हजार' शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था। इस खबर प्रकाशन के बाद ब्लॉक मुख्यालय पर अफरातफरी मच गई।

नवागत मुख्य विकास अधिकारी ने इसे संज्ञान में लिया और शाहाबाद खंड विकास अधिकारी को जांच करने के आदेश दिए। खंड विकास अधिकारी ने जांच में सही पाया कि उक्त स्थान श्रवण कुमार के मकान से अलेला पुलिया तक नाली का निर्माण कार्य नहीं किया गया। और इस नाली निर्माण के नाम पर 40,083 रुपए की निर्माण सामग्री 17, 250 मिस्त्री और 11,700 मजदूरी सहित 69,033 का पेमेंट तत्कालीन ग्राम पंचायत सेक्रेटरी पवन कुमार वर्मा तथा प्रधान दयाशंकर द्वारा ले लिया गया। जांच रिपोर्ट के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी को मुख्य विकास अधिकारी ने कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी शाहाबाद दिनेश चंद्र शर्मा को निर्देशित किया। शाहाबाद खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर एडीओ पंचायत जितेंद्र सिंह तोमर ने तत्कालीन पंचायत सेक्रेटरी पवन कुमार वर्मा तथा ग्राम प्रधान दयाशंकर के खिलाफ धारा 420/409 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया।

**पैसा निकालने के 15 माह बाद शुरू कराया निर्माण**

जिस नाली निर्माण के नाम पर 18 मार्च 2024 को 69,033 रुपया निकाला गया। खबर प्रकाशन के बाद उस नाली निर्माण का कार्य 15 माह बाद 30 जून 2025 निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू किया गया। जिससे स्पष्ट है ग्राम पंचायत में प्रधान व तत्कालीन पंचायत सेक्रेटरी ने विकास योजनाओं को लूट का माध्यम बना दिया।

**अमृत विचार ने किया था खुलासा**

दैनिक अमृत विचार ने श्रवण कुमार के मकान से अलेला पुलिया तक नाली निर्माण का कार्य न किए जाने की खबर प्रमुखता के साथ अखबार में प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद ब्लॉक मुख्यालय पर उथल-पुथल मच गई। हर हाल में कार्रवाई की संभावना व्यक्त की जाने लगी। इसी अखबार का एफआईआर में जिक्र करते हुए प्रधान और तत्कालीन ग्राम पंचायत सेक्रेटरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पानी की बोतल के लिए भिड़े वेंडर और यात्री, 9 गिरफ्तार



शांति भंग में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार की रात हरदोई रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों और वेंडर में पानी की बोतल को लेकर जमकर झगड़ा हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट तक पहुंच गया। मौके पर पहुंचे जीआरपी प्रभारी निरीक्षक पंकज भास्कर विवाद कर रहे वेंडर और रेल यात्रियों को हिरासत में पकड़कर थाने ले आए।

रेलवे स्टेशन पर पहले भी दो पक्षों में तत्काल टिकट के समय झगड़ा हुआ था, जिसमें जीआरपी ने कार्रवाई की थी। सोमवा रकी रात हरदोई के प्लेटफार्म संख्या एक पर निर्माणाधीन शौचालय के निकट पांच रेल यात्री दिल्ली जाने के लिए लखनऊ मेल की प्रतीक्षा प्लेटफार्म पर कर रहे थे। तभी पानी की बोतल खरीदने को लेकर वेंडर से कहासुनी हो गई। इसी दौरान तीन अन्य वेंडर भी मौके पर आ गए। इसके बाद पांच रेल यात्री व चार वेंडर में जमकर झगड़ा होने लगा। जीआरपी ने शांति भंग में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

## लापता किशोरी जंगल में अचेत मिली

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों द्वारा तलाश करने पर किशोरी दूसरे दिन पड़ोस के जंगल में बेहोशी की हालत में मिली। किशोरी के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित भाई के अनुसार उसकी 14 वर्षीय बहन को 28 जून को पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगिया चंदेली निवासी अमित और प्रवेश फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। परिजनों ने बहन को काफी तलाश किया। दूसरे दिन 29 जून को पड़ोस के जंगल में बेहोश अवस्था में मिली। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया है। पुलिस ने मामले की छान बीन शुरू कर दी है।

## डीएम ने किया देवस्थान का शिलान्यास व भूमि पूजन



भूमि पूजन करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता चैम्बर्स के मध्य स्थित ब्रह्म देव देवस्थान के जीर्णोद्वार का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। पुरोहित ने मंत्रोच्चार के बीच पूरी प्रक्रिया संपन्न करायी। भूमि पूजन के दौरान जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने हवन में आहुति दी।

जिलाधिकारी ने पांच ईंटें नींव में रखकर देवस्थान का औपचारिक शिलान्यास किया। देवस्थान का जीर्णोद्वार सभी के सामूहिक सहयोग से कराया जा रहा है। जीर्णोद्वार की मांग अधिवक्ता गणों की ओर से लंबे समय से की जा रही थी। भूमि पूजन व शिलान्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# स्कूल पहुंचे बच्चों का हुआ स्वागत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों में कक्षाएं शुरू हुईं। जगह-जगह बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुंह मीठा कराकर बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर नए सत्र में मन लगाकर पढ़ने का मंत्र शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दिया। ग्रीष्म अवकाश के बाद खुले स्कूलों में बच्चे खुशी-खुशी पहुंचे। स्कूल चलो अभियान के क्रम में बच्चों का जोरदार स्वागत इस्तकबाल किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहीं तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया तो कहीं फूल मालाएं देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्कूल आने वाले बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी साथ ही गांव मोहल्ले के जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं उनको भी विद्यालय आने को प्रेरित करें। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरसा की प्रधानाध्यापिका स्मिता मदसूदन ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति अपना व देश का भविष्य बदल सकता है, इसलिए शिक्षा हर स्थिति में अवश्य ग्रहण करनी चाहिए। संवाददाता अतरौली के अनुसार कंपोजिट विद्यालय अतरौली में प्रभारी अध्यापक सत्येंद्र सिंह ने बच्चों को माला पहनाकर स्वागत किया। कंपोजिट विद्यालय पत्थरताली में प्रभारी अध्यापक पूर्णेंदु कुमार और सहायक अध्यापक ने बच्चों को तिलक लगाया।मंझीगवां शिवपुरी में शिक्षकों ने विशेष तैयारी की। उन्होंने गुब्बारों से स्वागत द्वार सजाया। बच्चों को तिलक लगाने के साथ गुब्बारे भी भेंट किए। प्राथमिक स्कूल गोडवा खेम में प्रकाश दुबे ने भी बच्चों का विशेष स्वागत किया।




स्कूल में छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत करती शिक्षिका।

**प्रोत्साहन**

- ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म स्कूलों में शुरू हुआ पठन-पाठन
- शिक्षकों ने मुंह मीठा कराकर बच्चों को पुष्प गुच्छ भेंट किया

## बालिकाओं को सुरक्षित रहने के बताए तरीके

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत बालक,बालिकाओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अरवल थाना पुलिस की उप निरीक्षक दीक्षा कटियार द्वारा गंभीरी बालिका इंटर कॉलेज में बालक एवं बालिकाओं को इन अभियानों के बारे में बताया गया और खुद को अराजक तत्वों से सुरक्षित रहने के तरीके भी बताए गए। आपात स्थिति में बालक एवं बालिकाओं को ना घबराते हुए हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 1930, 108 ,102, एवं112 का प्रयोग करने की सलाह भी पुलिस द्वारा सभी को दी गई। इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ के साथ-साथ तमाम बालक बालिकाएं एवं आम नागरिक मौजूद रहे। उप निरीक्षक का सहयोग थाने की महिला आरक्षी साक्षी शर्मा द्वारा किया गया।

# अंडर पास में जलभराव से परेशानी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई- बिलग्राम से बैफरिया जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर बनाए गए अंडरपास से जल निकासी न होने के कारण बैफरिया डाभा और तरौली गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भर गया। गहरे गड्ढों और जलभराव के चलते यहां से पैदल गुजरना भी मुश्किल हो गया। सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश ने हालात को और गंभीर कर दिया। एक्सप्रेस-वे के अंडर पास के नीचे पानी भर जाने से इन गांवों का संपर्क पूरी तरह कट गया।

मंगलवार सुबह स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा सके। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने बताया कि उन्होंने तत्काल प्रशासन से संपर्क किया और दूरभाष से जिलाधिकारी को समस्या बताई। इसके बाद जेसीबी की मदद से पुल के नीचे भरे पानी को हटाकर आवागमन बहाल किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग की मरम्मत जल्द से जल्द की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।



एक्सप्रेस-वे के अंडर पास के नीचे भरा पानी। अमृत विचार

## चार स्कूली वाहनों का किया गया चालान

**हरदोई, अमृत विचार।** सहायक सभांगीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अरविन्द कुमार सिंह ने बताया है कि शासन ने 1 से 15 जुलाई तक विशेष चेंकिग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हैं, जिसके अनुपालन में आज स्कूली वाहनो के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। चेंकिग के दौरान 04 स्कूली वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई। उन्होंने समस्त स्कूल प्रबंधको/प्रधानाचार्यों से कहा कि अपने स्कूल की अनफिट वाहनों को स्कूली मानक के अनुरूप सुधार करवा कर नियमानुसार फिटनेस/परमिट सर्टिफिकेट प्राप्त कर लें। चेंकिग के दौरान जो स्कूली वाहनों मानक के अनुरूप संचालित नहीं पाई जायेगी उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

**हरदोई, अमृत विचार।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष उदय सिंह गौर पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत अध्यक्ष प्रेमावती ने पार्क परिसर में पीपल, बरगद, नीम की पौध रोपित कर, अपनी मां के नाम से एक वृक्ष लगाने तथा उसका संरक्षण करने का आह्वान किया। अध्यक्ष ने अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष उदय सिंह गौर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओमप्रकाश मिश्रा, रेंजर प्रमोद कुमार, उप प्रभागीय वन अधिकारी अर्चना रावत, जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन अशोक अग्निहोत्री, सभासद राजीव सोमवंशी सहित पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।




पौधरोपण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

**सम्मान** चिकित्सकों ने रेड क्रॉस में मानवीय चिकित्सा के सेवाओं के लिए दी सहमति

# डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए चिकित्सक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चिकित्सा क्षेत्र में मानवीय सेवाओं के लिए जाने जाने वाले डॉ. विधान चंद्र राय के जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर रेड क्रॉस भवन में डॉक्टर्स डे मनाया गया। समिति के उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस से जुड़े चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभिषेक गुप्ता ने बताया कि आज ही के दिन 1 जुलाई को कृतज्ञ राष्ट्र प्रख्यात चिकित्सक अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत रत्न डॉ. विधान चंद्र राय के जन्मदिन को डॉक्टर्स डे (चिकित्सा दिवस) के रूप में मनाता है वह पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए भी किसी भी पीड़ित मानव की चिकित्सा की सहायता हेतु हमेशा अग्रणी रहे। इस अवसर पर सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ. पीके सिंह चौहान, डॉ. नवीन सक्सेना, डॉ. अनुज गुप्ता, डॉ. अंशुल ओमर, डा. कलीमुल्लाह कुरैशी, डॉ. पूर्णिमा अवस्थी, डॉ. विनोद कुमार सिंह यादव, डा. गौरव कात्यायन, डॉ. श्याम सिंह और डॉ. रहमानी को सम्मानित किया गया।



डाक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए रेड क्रॉस से जुड़े चिकित्सक। अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

# कोटेदार पर अंगूठा लगवाकर राशन न देने का लगा आरोप

## एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव



तहसील परिसर में मौजूद राशनकार्ड धारक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव आलमऊ सरांय के कोटेदार ने राशनकार्ड धारकों के अंगूठे पॉश मशीन पर लगवा लिए किंतु उन्हें आवंटित न कर लाखों रुपए का राशन हड़प लिया। कार्डधारकों ने मंगलवार को तहसील में एसडीएम को शिकायतीपत्र देकर कोटेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

आलमऊ सराएं गांव निवासी सुनील कुमार, जुम्मन खां, रामविलास, प्रकाश राठौड़, अजीत सिंह, रामदुलारी व ऊदन सहित आधा सैकड़ा राशनकार्ड धारक बांगरमऊ के तहसील कार्यालय पहुंचे और गांव के कोटेदार बालमुकुंद के खिलाफ एसडीएम शुभम यादव को शिकायतीपत्र सौंपा। इसमें कहा कि कोटेदार द्वारा एक हफ्ता पूर्व अपने राशनकार्ड धारकों को दुकान पर राशन आवंटित करने के लिए बुलाया और पॉश मशीन पर सभी का अंगूठा लगवा लिया। अंगूठा लगवाने के बाद कहा कि अगले दिन राशन आवंटित करेंगे। किंतु एक हफ्ता से अधिक समय बीतने के बावजूद कोटेदार कार्डधारकों को राशन आवंटित नहीं कर रहा है। बताया कि उन लोगों को यह भी पता चला है कि अंगूठा लगवाने के बाद कोटेदार बालमुकुंद की कोटे की दुकान निलंबित कर दी गई है। ऐसे में कोटेदार द्वारा गरीब कार्डधारकों का लाखों का राशन हड़प लिया गया है। कार्डधारकों ने एसडीएम से राशन आवंटित कराने की मांग की है। एसडीएम शुभम यादव ने कार्डधारकों से राशन आवंटित कराने और कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## डीआईओएस को नहीं मिले छात्र, मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार उन्नाव:** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण के साथ शैक्षिक सत्र के पहले दिन विद्यालय खुलते ही तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें एक विद्यालय में पंजीकृत 245 छात्रों में एक भी छात्र नहीं मिला। जबकि दूसरे विद्यालय में 511 छात्रों में केवल 17 छात्र मिले। जबकि तीसरे में 691 में से 22 छात्र उपस्थित रहे। उपस्थिति कम मिलने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक 12 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुरवा पहुंचे वहां पंजीकृत 511 छात्राओं में 17 बच्चे उपस्थित मिले। जबकि हॉस्टल में वार्डन और चपरासी नहीं मिला। सिर्फ शिक्षिका कीर्ति अनुपस्थित थी। दोपहर 1:10 बजे वह बीएएएस इंटर कॉलेज पुरवा पहुंचे तो वहां भी उन्हें कोई छात्र नहीं मिला। जबकि विद्यालय में 245 छात्र पंजीकृत थे। 1:25 बजे एमआरआरएस इंटर कॉलेज पुरवा पहुंचे तो वहां 691 छात्रों में 22 छात्र उपस्थित मिले।

# बारिश से जलभराव, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी



बारिश के कारण गोपीनाथपुरम में हुआ जलभराव। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव):** अमृत विचार। बीते दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने जहां एक ओर उमस भरी गर्मी से राहत दी है, वहीं जल निकासी की समस्या उजागर कर दी है। नगर के कई मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में जलभराव से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सोमवार देर शाम से लेकर मंगलवार तक होती रही रिमझिम बारिश के चलते नगर के कंचन नगर, गोपीनाथपुरम, कृष्णा नगर, सर्वोदय नगर, मंशा खेड़ा, अहमद नगर, परम्मुख खेड़ा और रहमत नगर समेत कई मोहल्लों की गलियों में पानी भर गया है। जलभराव के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं, वहीं जरूरी काम से बाहर निकलने वालों को घुटनों तक भरे पानी से होकर गुजरना पड़ा। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है। कच्चे रास्तों पर पानी भरने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की साफ-सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है। लोगों ने नगर पालिका से जल्द समाधान की मांग की है।

### सार-संक्षेप

## 2027 में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प




अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटते सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सभी ने केक काटकर व मिठाई बांटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की और सभी ने वर्ष-2027 में अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उदयराज यादव, राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सुन्दरलाल लोधी, पूर्व विधायक सुन्दरलाल कुरील, जिला महासचिव हेमंत पाल, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ साधू, शिवशंकर गौतम, हाजी सैय्यद इरफान, जिला सचिव रामबहादुर यादव, रमन पटेल, मुकेश रावत, अमन अंजुम, अंकित यादव, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन




सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अमृत विचार बांगरमऊ उन्नाव :** नगर के लखनऊ मार्ग स्थित एक मैरिज लान में पूर्व विधायक बदलू खां ने केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। इसमें पार्टी जिलाध्यक्ष सहित कई जिला स्तरीय नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र की जनता से काफी लगाव है। इसलिए आपकी जिम्मेदारी बनती है कि इस सीट पर सपा के उम्मीदवार को विजयी बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को उपहार देने का काम करें। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला उर्फ अन्ना महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार से संकेत मिल रहे हैं कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक बदलू खां, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अल्वी आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता डॉ. रामपाल कीकुशवाहा व संचालन रामनरेश यादव ने किया। इस दौरान महिला सभा की जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रमेश रावत, राधेलाल निषाद, रफीक आदि मौजूद रहे।

## तीन दिन में कार्यभार संभालें एआरपी

**अमृत विचार उन्नाव:** जनपदीय चयन समिति द्वारा जिले के 16 विकासखंडों में चयनित एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) विषयवार (विज्ञान, गणित, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान व अंग्रेजी) के 31 शिक्षकों को उनके द्वारा दिये विकल्प के अनुसार विकासखंड आवंटित किये गए हैं। बीएसए संगीता सिंह ने कहा कि वह अपने विकासखंडों में तीन दिन में कार्यभार ग्रहण कर लें अन्यथा उनका चयन निरस्त कर दिया जाएगा। बता दें कि जिले में हिंदी में 2, गणित में 9, अंग्रेजी में 4, सामाजिक विज्ञान में 7 व विज्ञान में 9 शिक्षकों का चयन एआरपी पद पर हुआ है। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को अपेक्षा के अनुसार शौक्षिक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण प्रदान करने के लिए शर्तो के अधीन कार्यक्षेत्र व विकासखंड आंवटित किया जाता है कि चयनित एआरपी आवंटित विकासखंड के ब्लाक संसाधन केंद्र पर मूल विद्यालय से कार्यमुक्त होकर 3 दिन में कार्यभार ग्रहण कर लें। यदि तय अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं किया तो यह आदेश स्वतः निष्प्रभावी माना जायेगा।

## गंगाघाट पोस्ट ऑफिस में सर्वर फेल, पेंशन न मिलने से बुजुर्ग मायूस

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**



गंगाघाट पोस्ट आफिस में सर्वर न आने से बैठे पेंशनर्स। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगाघाट के राजधानी मार्ग स्थित पोस्ट ऑफिस में मंगलवार को सर्वर न आने से पेंशन लेने आए दर्जनों बुजुर्ग पेंशनर्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से लाइन में लगे महिला और पुरुष पेंशनर्स दोपहर तक इंतजार करते रहे, लेकिन आईडी ब्लॉक होने के कारण काउंटर नहीं खुल पाया और उन्हें बिना पैसा लिए मायूस होकर लौटना पड़ा। मंगलवार सुबह शीतला, चंद्रभान, एस एच अग्निहोत्री, शांति देवी समेत दर्जनों पेंशनर्स अपनी पेंशन लेने पहुंचे थे। लेकिन काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर नहीं आ रहा है और आईडी ब्लॉक है, जिससे लेन-देन संभव नहीं है। पेंशनर्स ने बताया कि यह समस्या केवल मंगलवार की नहीं है, बल्कि पिछले चार दिनों से पोस्ट ऑफिस में कोई कामकाज नहीं हो रहा है। सर्वर की बार-बार खराबी के कारण आधार लिंकिंग, खाते से पैसे निकालने, फॉर्म भरने जैसे कार्य ठप पड़े हैं। पेंशनर्स में से कई बुजुर्ग काफी दूर से चलकर आए थे, जिन्हें बिना काम के लौटना पड़ा। इस संबंध में पोस्ट मास्टर नरेश चंद्र साहू ने बताया कि तकनीकी कारणों से आईडी ब्लॉक हो गई है, जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

# केक काटकर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

संवाददाता, हरदोई



संडीला में केक काटते नपाप चेयरमैन मो. रईस अंसारी।




भंडारा करते व्यापार सभा के प्रदेश सचिव रामज्ञान गुप्ता।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केक काटकर पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मनाया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने केक काटकर मिष्ठान वितरित कराया। सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका रामज्ञान गुप्ता ने अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर अपने आवास सर्कुलर रोड पर भंडारे का आयोजन किया व व्यापारियों पार्टी के पदाधिकारियों के साथ केक काटकर जन्म दिवस की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व सांसद उषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी, धर्मवीर यादव, गिरीश गुप्ता, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र यादव दीपू, अभय गुप्ता, मोतीलाल यादव,राजीव यादव गुड्डु, रामदत्त गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, कौशल कुमार, गंधर्व यादव आदि लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद संडीला के चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने अखिलेश का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन चेयरमैन के निजी आवास पर संपन्न हुआ, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटा गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता इरफान हमीद ताज मियां, गुफरान हमीद चांद मियां व सपा के नगर अध्यक्ष अकील अंसारी सहित अनेक सपाई मौजूद रहे। कछौना कस्बे में सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर एकत्रित होकर केक काटा और अखिलेश की लंबी उम्र की कामना की। शाहाबाद में कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मुजीब खां तथा छात्र नेता शाहिद खां बिल्किस गर्ल्स इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया। इसके बाद मलकापुर मार्ग पर सड़क के किनारे पौधारोपण किया।

## अपर जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मंगलवार को अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। अपर जिला जज ने बंदियों को बताया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नहीं कर पा रहे हैं, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है, प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की निःशुल्क पैरवी को आवश्यक कार्यवाही करेगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए बैरकों में पंखे व घड़ो में पानी रखने के लिये जेल प्रशासन को निर्देशित किया। बंदियो से समस्याओं के बारे में जानकारी कर जेल प्रशासन को निस्तारण के निर्देश दिए।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।



साण्डी थाने के टेकनपुरवा मजरा कटरी परसोला निवासी संजय कुमार (32) खेती-बाड़ी करता था। उसने साण्डी तिराहे पर मकान बनाया और पत्नी रोशनी, 5 साल के बेटे अंशू व तीन साल की बेटी आरुषि के साथ रहता था। सोमवार की रात संजय मकान के ऊपर वाले कमरे में गया और उसके दरवाजा बंदकर फांसी लगा ली। बताया गया है कि किसी घरेलू बात पर संजय और रोशनी के बीच झगड़ा हो गया था। उसके बाद संजय ने बच्चों को नीचे भेज दिया और कमरा बंदकर अंदर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी ऊपर पहुंची, खिड़की से फांसी पर शव लटका देख वह चीखने लगी। उसके बच्चे भी दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही वहां पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला। संजय ने किस वजह से ऐसा किया, पुलिस इसका पता लगा रही है। तीन भाइयों में ब्रजेश कुमार सबसे बड़ा, उससे छोटा संजय था और सबसे छोटा भाई अनुराग है। एक बहन है,जिसकी शादी हो चुकी है।

## महिला ने पति सहित 5 पर दर्ज कराया केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी विवाहिता ने अरवल थाना क्षेत्र निवासी पति सहित पांच लोगों पर मारपीट का केस का केस दर्ज कराया है। पीड़िता विनीता पुत्री रामरतन के अनुसार उसका विवाह करीब 11 वर्ष पूर्व अरवल थाना क्षेत्र के वरान गांव निवासी मुंशी पुत्र जयराम के साथ हुआ था। उसके पति के रिश्तेदारी में एक महिला के साथ अवैध संबंध थे। उसने विरोध किया तो 29 फरवरी को पति, ससुर सहित तीन अन्य के साथ मिलकर उसे डंडों से मारापीटा और 8 वर्षीय पुत्री के साथ घर से भगा दिया। वह तब से पिता के घर रह रही है। 20 जून को विपक्षी मायके आए और पुत्री को ले जाने लगे। विरोध किया तो फिर मारपीट कर धमकी दी।

## अधेड़ के शव की हुई शिनाख्त



**हरदोई, अमृत विचार।** बीते दिन नहर से बरामद अधेड़ के शव की मंगलवार को शिनाख्त हो गई। जिसके बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद शव घर वालों को सौंपा गया है। सोमवार को सुरसा थाने के बदरुद्दीन पुर के पास से निकली नहर में एक अधेड़ का शव बरामद किया गया, कोतवाली देहात के सियापुर मजरा कौढ़ा निवासी पवन पाण्डेय ने शव की शिनाख्त अपने पिता पप्पू पाण्डेय (57) के रूप में की। पवन ने बताया कि उसके पिता शनिवार की सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे, शाम तक न लौटने पर पिता की तलाश की जाने लगी। पप्पू पाण्डेय के तीन बेटे और एक बेटी मोनिका है। पत्नी गुड्डी की करीब तीन साल पहले ही बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी।

### मोबाइल, नकदी व बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को पुलिस ने लोकेशन के जरिये मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर मोबाइल नगदी और चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद करते हुए जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपी का नाम सत्यमान निवासी रसूलपुर सण्डीलाद है। बता दें कि अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुर्जीखेड़ा निवासी पंकज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मई को मोहमदपुर बेलवारन में जनसेवा केंद्र के पास से बाइक सवार दो अज्ञात युवक मोबाइल छीन कर भाग गये थे। जिसकी जांच के दौरान आरोपी को पकड़ा गया है।

# लालच देकर धोखाधड़ी, छह आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, पाली, हरदोई



पुलिस हिरासत में पकड़े आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीणों को खाते में पैसे आने का लालच देकर खाता खुलवाने और जरूरी दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी करने के 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनके पास से 7 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, एक-एक एटीएम कार्ड एवं बायोमेट्रिक मशीन के अलावा नगदी और एक कार बरामद हुई। पुलिस ने सांडी थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

तिनमई खेड़ा थाना सांडी निवासी अखिलेश ने पाली में सोमवार को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि गांव निवासी सूरज ने पैसे मिलने का लालच देकर उसका आधार कार्ड और पैन कार्ड लेकर सांडी एयरटेल पेमेंट बैंक में खाता खुलवाया। उसके मोबाइल नंबर के स्थान पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करा दिया। एटीएम आने पर स्वयं एटीएम हड़प लिया, जब उसने अपना एटीएम मांगा तो सूरज ने पाली क्षेत्र के अमिरता गांव निवासी युवक के पास एटीएम होने की बात कही। जब उसने जानकारी की तो पता चला कि सूरज अपने 10 अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट एजेंसी नाम से धोखाधड़ी करके खाता खुलवाकर लोगों से पैसे डलवाता है, फर्जी आईडी पर सिम भी लेता है, जिनका वह धोखाधड़ी में दुरुपयोग करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके पड़ताल शुरू की। पाली थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि उपरोक्त मुकदमे की जांच के दौरान प्रकाश में आए कृष्ण मुरारी उर्फ मुरारी निवासी ग्राम कन्हारी थाना सवायजपुर, सूरज निवासी ग्राम तिनमई खेड़ा थाना सांडी, दिनेश पाल उर्फ अनुज निवासी ग्राम कुंदरौली सादिकपुर थाना सांडी, पंकज निवासी ग्राम अमिरता थाना पाली, अंकित निवासी ग्राम फतेहपुर थाना पाली, सुमित निवासी ग्राम नगला भैंसी थाना पाली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को किया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग द्वारा गत वर्षों में किये गए कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की टीम में पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ कार्य किया है जिसके परिणाम स्वरुप जनपद में गोवंश संरक्षण व संवर्धन में होने वाले नवाचार प्रदेश में एक उदाहरण बन गए हैं। विदित हो कि जनपद में गौशालाओं के लिये 661 हेक्टेयर हरे चारे की बुवाई की गयी है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। गौशालाओं 1244 कैमरे लगाने वाला हरदोई प्रदेश का पहला जनपद है। कैमरों को जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। मंगलवार को पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।

**रोज़ा जलसा** — मुसलमानों में बढ़ रहीं बुराइयों पर मौलाना ने सुनाई खरी-खरी

# इस्लाम ने आवारा नहीं बल्कि पाबंद बनाया है

संवाददाता, हरदोई



मौलाना सबीहुल हसन।

**अमृत विचार।** पिहानी में अंजुमन खुद्दाम-ए-सहाबा के 16 रोज़ा जलसे में मस्जिद सैय्यदना फारूक-ए-आज़म मोहल्ला चौहट्टा में चौथे दिन मोहम्मदी से आए मुफ्ती अहसानुल्लाह कासमी ने कहा निस्बतों से इंसान के मुकाम का अंदाज़ा होता है, आज हम और आप जिस महफिल में बैठे हैं ये ऐसी शख्सियतों से जुड़ी हुई है, जिन्होंने अल्लाह और उसके रसूल के एक इशारे पर अपनी जानों का नज़राना पेश किया, इनका मुकाम बहुत बुलंद है जिसे हम और आप सहाबा की जमाअत कहते हैं। मौलाना सबीहुल हसन ने जलसे को खिताब करते हुए हुजूर की सुन्नतों पर अमल करने पर जोर दिया। कहा कि सहाबा की जिंदगी को देखें, तारीख का जायज़ा लें अपनी जान और मॉल अपनी औलाद अपना घर सब कुछ कुर्बान कर ये इस्लाम हम तक पहुंचाया, सहाबा की जो कड़ी है अगर इसको निकल दिया जाए तो तो इस्लाम हम तक पहुंचना ना मुमकिन है। सहाबा दीन की बुनियाद हैं आज हम अपनी ज़िन्दगी का जायज़ा लें तो बस नाम के मुसलमान रह गए हैं। नमाजों से दूर झूठ फरेब अमानत में ख़यानत समाज की तमाम बुराइयां मुसलमानों के अंदर देखने को मिल रही हैं। इस्लाम ने हमें आवारा नहीं पाबंद रहने का हुक्म दिया है।

### सीनाज़नी करते हुए निकला चौथी मोहर्रम का जुलूस

**हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम में इमाम-ए-बारगाह और अज़ाख़ानों में चौथी तारीख को मजलिसों का दौर जारी है। अज़ादार हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला को याद कर फूट-फूट कर रो रहें हैं। मोहर्रम में इमाम-ए-बारगाह और अज़ाखानों में हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला की जंग में शहीद हुए उनके साथियों की शहादत बयां की जा रही है। चौथी मोहर्रम को पिहानी में हसन ताहिर जैदी के आवास पर शैफ हसन जैदी व शौजफ जैदी की अगुवाई में अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें नौहाख्वानी व सीनाजनी हुई। जुलूस के बाद हुई मजलिस में कर्बला के शहीदों का जिक्र किया गया, जिसे सुनकर अज़ादारो.की आंखें नम हो गईं।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने पर दो को जेल

**हरदोई, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयानबाजी व आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना पचदेवरा के ग्राम मनभावनगंज निवासी आशुतोष को आईटी एक्ट के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी प्रकार थाना हरियावां के ग्राम उमरसेढ़ा निवासी विपिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि इन दिनों सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों की बाढ़ आई हुई है। दो दिन पूर्व पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए थे।

# बरसात में बढ़ जाता है रोगों का प्रकोप

संवाददाता, सुरसा-शाहाबाद, हरदोई




रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरसा में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ शिव सागर चौधरी के नेतृत्व में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई।

डॉ. चौधरी ने बताया कि बरसात के मौसम में कई तरह के रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है, इसलिए 11 जुलाई तक घर-घर दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांव-गांव जाकर लोगो को जागरूक किया जाएगाइस मौके पर सीएचसी अधीक्षक शिवसागर चौधरी, रमेश वीसी पीएम सहित स्टाफ के लोग मौजूद रहे। शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डाक्टर प्रवीण दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉ दीक्षित ने बताया सीएचसी में शासन की मंशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निकाली गई रैली का उद्देश्य जन-जन को संचारी रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, और चिकनगुनिया आदि से बचाव के लिए जागरूक करना है। प्रतिभागियों ने नारे और बैनरों के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति संदेश दिया।

## एक नजर

### घर निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी में रहने वाली एक महिला अप्रैल माह में घर से बिना बताये कहीं चली गई। उसका पता न लगने पर पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। मिश्रा कॉलोनी निवासी रामगुलाम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुये बताया कि उनकी 50 वर्षीय पत्नी माया 28 अप्रैल को बिना बताये कहीं चली गई। जिस पर उन्होंने परिचितों और रिश्तेदारों में उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### करंट की चपेट में आकर झुलसे दो मासूम, रेफर

**अमृत विचार नवाबगंज उन्नाव :** विकासखंड के हिंदूखेड़ा गांव निवासी रितेश (4) विनय व पीहू (5) पुत्री पप्पू मंगलवार सुबह मोहल्ले में खेल रहे थे। गांव निवासी अजेंद्र ने बताया कि इस दौरान एक विद्युत पोल में लिपटे तार में अचानक करंट उतर आया। खेलते-खेलते बच्चों ने अनजाने में तार को छू लिया और करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। हादसे की जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत बच्चों को लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन उनकी गंभीर हालत देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कारखाने में चोरी, मशीनें व कीमती सामान पार

**अमृत विचार शुक्लागंज उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र स्थित असम बंगाल के पास एक हार्डवेयर व घोड़े की साज की महक मेटल क्राफ्ट कारखाने में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर लाखों का सामान चोरी कर लिया। कानपुर सिविल लाइन्स बर्फ खाना निवासी राजू श्रीवास्तव ने बताया कि वह सोमवार को कारखाना बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह पहुंचने पर चोरी का पता चला। चोर गैलेंडर मशीन, ड्रिल मशीन, कटर, इनवर्टर, बैट्रा, तराजू, 40 किलो कॉपर सीट, 10 किलो पीतल, 1500 पीस कॉपस फूल और 20 लोहे की डाई समेत ढाई लाख का माल चुरा ले गए। पीड़ित ने गंगाघाट पुलिस को तहरीर दी है।

### बकरी सामने आने से बाइक पलटी, दो गंभीर

**अमृत विचार सफीपुर उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव सैता निवासी मल्हू (70) अपने पारिवारिक भेतीजे अकबर (27) पुत्र अख्तर के साथ बाइक से सफीपुर बाजार आ रहे थे। तभी सैता गांव के पास एक बकरी बाइक के सामने आने पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसमें मल्हू व अकबर घायल हो गए। उन्हें लोगों ने सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा है।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा

संवाददाता, नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** पिता की दुकान के लिए मावा खरीदने जा रहे युवक की बाइक में कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं लघुशंका के लिए उतरा पीछे बैठा साथी बाल-बाल बच गया। हादसे की खबर पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव निवासी विवेक राजपूत (18) पुत्र राजेश इंटर का छात्र था। उसके पिता गांव में मिठाई की दुकान किए हैं। सोमवार सुबह विवेक अपने साथी सूरज के साथ दुकान के लिए मावा खरीदने निकला था। तभी सोहरामऊ थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर भल्ला फार्म के पास एक पेट्रोल पंप के पास सूरज बाइक रुकवा्रकर लघुशंका को चला गया। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे विवेक उछलकर सड़क पर गिर गया और सिर में आई गंभीर चोटों से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उसके जीवित होने की आशंका से सीएचसी लाई।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजन बदहवाश हो गए। विवेक दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से मां धन्ना देवी, बहन अन्नू सहित व परिजन रो-रोकर बेहाल



विवेक की फाइल फोटो। अमृत विचार

### अनियंत्रित होकर पुल के नीचे चला गया कंटेनर, चालक-परिचालक बचे

**अमृत विचार फतेहपुर चौरासी।** थानांतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बीती रात अनियंत्रित होकर एक कंटेनर कालीमिट्टी के पास पुल के नीचे चला गया। इसमें चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए। वहीं पास में बने मंदिर के पास बनी पुजारी की पक्की कोठरी क्षतिग्रस्त हो गयी। परिचालक कृष्णा पुत्र श्रीराम सिंह निवासी मठ लक्ष्मीपुर थाना इज्जतनगर बरेली ने बताया कि वह अपने बड़े भाई सत्येंद्र सिंह के साथ उत्तराखंड के बाजपुर से प्लास्टिक की पन्नी लादकर चेन्नई जा रहे थे। बीती रात साढ़े 10 बजे सामने ने ट्रेलर आ रहा था और रास्ते में पेड़ की डाल पड़ी थी। जिससे बचने में कंटेनर सड़क किनारे उतार दिया और वह अनियंत्रित होकर पुल के नीचे चला गया।

हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया। एसओ शरद कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन को टोल प्लाजा के पास पकड़कर थाने में खड़ा कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हाईवे पर पड़ा मिला वृद्ध का शव, नहीं हुई पहचान

**उन्नाव, अमृत विचार :** उन्नाव-लालगंज हाईवे किनारे मंदिर के बगल में एक वृद्ध का शव पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। लेकिन उसकी पहचान न होने पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। बीघापुर कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि सोमवार रात सूचना मिली कि कोतवालीन क्षेत्र उन्नाव- लालगंज हाईवे के दादामऊ गांव के सामने स्थित आनंदी मंदिर की बारादरी में एक वृद्ध की मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर जांच की लेकिन वृद्ध को मौजूद ग्रामीण पहचान नहीं सके। वह नीला बरमूडा व हल्के पीले रंग की हाफ टी-शर्ट पहने था। बगल में एक साइकिल खड़ी थी। साइकिल में रखे बैग में पंचर जोड़ने का सामान था। जामातलाशी में कुछ कागज मिले जिसमें हरिद्वार का पता लिखा था। एक पासबुक मिली है जिसमें कांता देवी निवासी टिहरी हरिद्वार अंकित है। सोढ़ी देवी निवासी टिहरी हरिद्वार नाम से एक आधार कार्ड भी मिला है। बैंक खाते की जानकारी पर बताया गया कि उसमें वर्ष-2013 से लेनदेन नहीं हुआ है। बीघापुर पुलिस ने शव का फोटो व उसके पास मिले दस्तावेज उत्तराखंड पुलिस को भेज शव मोर्चरी भेजा है।

### आगरा से लौटे युवक ने फांसी लगा दी जान

**अमृत विचार फतेहपुर चौरासी उन्नाव:** थानाक्षेत्र के गांव अवस्थिन खेड़ा व पाल्हेपुर के बीच स्थित गांव बाघौड़ा निवासी मदन पुत्र खुमान के खेत में लगे शीशम के पेड़ में गांव बघौड़ा निवासी रोहनपाल के 20 वर्षीय पुत्र मदनपाल ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम 4 बजे राहगीरों व ग्रामीणों ने पेड़ पर युवक का शव लटका देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के छोटे भाई विवेक पुत्र रोहनपाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विवेक पाल ने बताया कि मदन पाल आगरा में रहकर जेसीबी चलाता था। मंगलवार को वह आगरा से घर वापस आया था। विवेक ने भाई के आत्महत्या करने के कारणों से अनभिज्ञता जताई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के उम्मीदों के शहर मोहल्ला में विवाहिता का शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से दीवार तोड़कर कर शव नीचे उतरवाया और जांच के बाद मोर्चरी भेजा। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए पति को कोतवाली में बैठाया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उम्मीदों के शहर निवासी मुस्कान (20) पत्नी अमीर खान का शव उसके घर के कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। इस पर कमरे की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हुई पुलिस ने जांच के मायके



मुस्कान, फाइल फोटो।

▸▸ **ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप**

पक्ष को घटना की जानकारी दी। मामला विवाहिता की मौत से जुड़ा होने से कोतवाली प्रभारी ने फील्ड यूनिट से जांच कराकर एसडीएम को इसकी सूचना दी। नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने पंचनामा की कार्रवाई कर पैनल व वीडियोग्राफी के बीच का शव का पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए। मौत की खबर मिलते ही बदहवाश माता-पिता बेटी की ससुराल पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। हरदोई जिला के कस्बा संडीला के गौरी धाम गांव निवासी मां उजमा पत्नी रमजानी ने रोते हुए दामाद, उसके पिता व भाई सहित अन्य ससुरालियों पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व उसकी हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। मां का आरोप था कि दो माह पहले बेटी से ससुरालियों ने मारपीट की थी और उसे दामाद मायके छोड़ गया था। बीती 28 जून को दामाद अमीर अपनी गलती मानकर उसे विदा करा लाया था। पिता रमजानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने दो साल पहले अपनी बेटी मुस्कान की शादी अमीर पुत्र सलीम से की थी। अपनी हैसियत से अधिक दहेज देने के बाद भी ससुरालीजन बेटी को प्रताड़ित करते थे। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गो-तस्कर को पुलिस ने दबोचा, भेजा न्यायालय

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध जिले भर में चल रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर पुलिस ने बीते दिनों आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर खड़ी एक डीसीएम से 14 गोवंश बरामद किये थे। पुलिस ने गोवंश को नजदीकी गोआश्रय स्थल भेजा था। मंगलवार को पुलिस ने गो-तश्करी में वांछित एक युवक को पकड़ कर न्यायालय भेज दिया। बेहटा मुजावर थाने के दरोगा मोर मुकुट पांडेय



पुलिस गिरफ्त में गो तस्करी का आरोपी।

हमराहियों के साथ बीती 10 मार्च को गश्त पर थे। तभी हाईवे कंट्रोल से सूचना मिली थी कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या-251 पर एक डीसीएम काफी देर से खडी है। हाईवे कंट्रोल की सूचना पर पुलिस ने डीसीएम को चेक किया तो उसमें 14 गौवंश लदे मिले थे। किंतु डीसीएम के पास कोई मौजूद नहीं था। पुलिस ने बरामद गौवंशों को नजदीकी अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल गांव गढ़ा भेजा था और डीसीएम कब्जे में लेकर पुलिस ने ई-चालान एप से चेक किया तो वाहन स्वामी का नाम पवन पुत्र विजय कुमार निवासी बहादुरपुर पोस्ट असेनी जिला बाराबंकी सामने आया था। पुलिस ने जब्ती व बरामदगी के आधार पर वाहन स्वामी व चालक सहित एक अन्य गो तश्कर के विरुद्ध गौवध निवारण अधिनियम व पशुक्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस बीती 26 मार्च को डीसीएम स्वामी पवन कुमार व 22 जून को मामले में वांछित सिराज अहमद पुत्र अजीजुल निवासी मोहल्ला बड़ी चौक कस्बा सफदरगंज थाना सफदरगंज बाराबंकी को पकड़कर जेल भेज चुकी है। मंगलवार को पुलिस ने डीसीएम चालक मो. अलीम पुत्र मो. सलीम निवासी गांव रसौली थाना सफदरगंज बाराबंकी को संडीला-अंडरपास के पास से पकड़ लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

### पुलिस ने चार पशु चोरों को दबोचकर कोर्ट में किया पेश

**अमृत विचार, फतेहपुर चौरासी, उन्नाव :** चार दिन पूर्व कानपुर से चोरी हुई भैंसों के साथ चार चोरों को पुलिस ने पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। दरोगा दिनेश रावत ने बताया कि उन्होंने हमराही विनोद यादव व हिमांशु चौधरी के साथ मंगलवार सुबह भदेहरा मोड़ के पास रोहित निषाद निवासी धनऊपुरवा थाना कल्याणपुर, अभिषेक निवासी मक्का पुरवा थाना नवाबगंज, सोनू निवासी बनिया पुरवा थाना नवाबगंज, विशाल निवासी मोहन पुरवा संभापुर थाना बिठूर कानपुर को दो भैंस व एक पड़िया के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 27 जून की शाम साढ़े 6 बजे दो भैंस व एक पड़िया को चरते समय गांव हृदयपुर थाना बिठूर कानपुर से चुराई थीं। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि सोनू, विशाल व शातिर अपराधी हैं। भैंस चोरी की रिपोर्ट 27 जून को बिठूर थाना में गांव हृदयपुर निवासी गोविंद कुशवाहा ने दर्ज कराई थी।

# टीका व माला पहनाकर किया बच्चों का स्वागत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

▸▸ **ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद नए शैक्षिक सत्र पर खुले परिषदीय विद्यालय**

**अमृत विचार:** ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद नए शैक्षिक सत्र पर खुले परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों को टीका लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया।

सोमवार को नए शैक्षिक सत्र पर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी खुले परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों का स्वागत परंपरागत तरीके से किया गया। विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत कस्बा के बाल, कन्या विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय मवई भान, भैंसहरा स्थिति कंपोजिट विद्यालय, अन्य प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाया व माला पहनाकर व पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। कई विद्यालयों में स्वागत गीत गाए गए। विद्यालयों में रंगोली व सजावट से माहौल खुशनुमा बनाया गया। स्कूलों में रंग बिरंगे गुब्बारे और बैनर भी लगाए गए।

सफीपुर कस्बे के बाल व कन्या विद्यालय के प्रधान शिक्षक देवेन्द्र सिंह व अवनींद्र गौड़ ने बच्चों को टीका लगाया गया व शिक्षिकाओं में असफिया बेग़म, पूनम भारतीय, ज्योति शुक्ला, कीर्ति, स्वाति, पूनम, नेहा आदि ने बच्चों को पुष्प देकर स्वागत किया। खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने बताया कि विद्यालयों में इस तरह



टीका लगाकर छात्रा का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

के स्वागत से बच्चों में स्कूल आने के लिए रुचि बढ़ती हैं। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों को सीखने का आनंददायक केंद्र बनाने की अपील की है। शिक्षकों की इस पहल से अभिभावक भी खुश नजर आए।

## सार-संक्षेप

### जिले के 407 शिक्षकों को मिले मनचाहे विद्यालय

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में सरप्लस होने वाले शिक्षकों को अंत: जनपदीय स्थानांतरण के आवेदन करने के लिए सिर्फ एक दिन का समय दिया गया था जिसमें जिले के 692 शिक्षकों ने आवेदन किया था लेकिन, 407 शिक्षकों को ही मनचाहा विद्यालय मिल सका। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्थानांतरित शिक्षकों को 3 दिन में विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश जारी किया है। बीएसए संगीता सिंह ने कहा कि जिन शिक्षकों के नाम स्थानांतरण सूची में हैं वह अपने विद्यालय से कार्यमुक्त होकर स्थानांतरित विद्यालय में नियम अनुसार कार्यभार ग्रहण कर लें। बता दें कि बेसिक स्कूलों में सरप्लस होने वाले शिक्षकों के विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में समायोजन होने के लिए एक दिन का अवसर मिलने के कारण बीएसए कार्यालय में 28 जून को शिक्षकों की काफी भीड़ रही। ऑनलाइन आवेदन के बाद फाइल जमा करने के लिए शिक्षकों का पसीना छूटा था। एक दिन में 692 आवेदन फॉर्म जमा हो गए थे।

### बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी



विद्यालय में खुशी मनाते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार उन्नाव।** संसाधनों के अभाव में कोई प्रतिभा बेहतर शिक्षा पाने से वंचित न रहे इसकी समाज के हर समर्थ व समझदार व्यक्ति की जिम्मेदारी होनी चाहिए। यह बात ग्रीष्म अवकाश के बाद पहले दिन विद्यालय खुलने पर कम्पोजिट विद्यालय मोहान हसनगंज उन्नाव में किरण फाउंडेशन के सचिव प्रेम स्वरूप श्रीवास्तव ने कहीं। विद्यालय के शिक्षकों ने मंगलवार का दिन विशेष रूप से मनाया। इसमें बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। इंचार्ज शिक्षिका चारुल ने बताया कि ऐसे प्रयोगों से बच्चों में स्कूल आने का उत्साह और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। आज हुए कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ ने सहर्ष सहयोग दिया। कम्पोजिट विद्यालय मोहान में किरण फाउंडेशन द्वारा बच्चों की शिक्षा व विकास को लगातार किया जा रहा है। संस्था के इस सहयोग पर सभी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से सहायक शिक्षिका नलिनी बाजपेयी, रंजना व गीता आदि मौजूद रहीं।

### सड़क हादसे में मृत अधेड़ की तीसरे दिन हुई पहचान

**अमृत विचार, उन्नाव :** माखी थानाक्षेत्र के अमलोना गांव का रामखिलावन (50) सदर कोतवाली क्षेत्र में गोकुल बाबा मंदिर के पास स्थित एक कबाड़ फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बीती रविवार रात वह काम निपटा कर फैक्ट्री से घर जा रहा था तभी मगरवारा चौकी क्षेत्र के उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग गया था। लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जामातलाशी में उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। इस पर शव मोर्चरी में रखवाकर सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। इसके बाद सोमवार को बेटे मोहित ने मोर्चरी पहुंचकर उसकी पहचान की। तब शव का पोस्टमार्टम कराया गया। राम खिलावन की मौत से पत्नी सहित चार बच्चे बेहाल हैं। पत्नी ने घटना को संदिग्ध बताते हुए ठेकेदार पर आरोप लगा शासन से आर्थिक मदद मांगी है। दरोगा अरविंद पांडेय ने बताया कि शव की पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### सूने घर से चोरों ने डेढ़ लाख के जेवरात किये पार

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर मोहल्ले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सुल्तानपुर गए एक परिवार के सूने घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। गंगा नगर निवासी शानू जायसवाल ने सोमवार रात गंगाघाट कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि वह शनिवार को अपने परिवार के साथ पैतृक गांव सुल्तानपुर गए थे। इस दौरान उनका मकान पूरी तरह बंद था। आलमारी में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। सोमवार देर शाम जब शानू अपने घर लौटे तो घर का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# एक्सईएन पर अभद्रता का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार:** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस के ग्रामीण मंगलवार को अधिशाषी अभियंता विद्युत के कार्यालय पहुंचे। जहां सभी ने बार-बार फुंक रहे ट्रांसफार्मर को बदलकर उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की। अधिशाषी अभियंता ने ट्रांसफार्मर रखने का आश्वासन देने के बजाय ग्रामीणों को नशेड़ी बता अपमानित किया। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। आशायस गांव निवासी रामविलास, राधे, गोविंद, प्रियांशु, मनोज मौर्य, हरिनाम, रजनीश, प्रभान शंकर, शशि शेखर, शिवपूजन व अमरनाथ सहित करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने बताया कि आशायस के मोहल्ला कछियाना व अहिराना में करीब एक सैकड़ा मकान हैं। जिसमें 70 प्रतिशत परिवार विद्युत कनेक्शन धारक हैं। कनेक्शन धारकों को विद्युत आपूर्ति हेतु मात्र 25 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया है। जो बार-बार फुंक जाता है। इसलिए 65 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए ग्रामीण अधिशाषी अभियंता के कार्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी बात सुनने के बजाय अधिशाषी अभियंता ने उन्हें नशेड़ी बताकर अपमानित किया। अधिशाषी अभियंता की इस कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए एंबुलेंस कर्मियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** निर्धारित रिस्पांस अवधि में मौके पर पहुंचकर घायलों को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचसने वाले 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मियों को कार्यवाहक सीएमओ ने सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की।

विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के किसी आपात स्थिति में निकटवर्ती सरकारी अस्पताल तक पहुंचाकर उन्हें समुचित इलाज दिलवाने में 108 एंबुलेंस सेवा स्वास्थ्य महकमे की रीढ़ की हड्डी है। इसके लिए सरकार ने रिस्पांस टाइम भी निर्धारित किया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना के 20 मिनट व शहरी क्षेत्र में 10 मिनट की अवधि



प्रशस्ति पत्र देते कार्यवाहक सीएमओ।

तय है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी मॉनिटरिंग भी की जाती है। सोमवार को कार्यवाहक सीएमओ जयराम सिंह ने रिस्पांस टाइम से कम औसतन 7 मिनट में सूचना पर पहुंचकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाले पायलट व ईएमटी को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में ईएमटी अंकित कुमार, भगवानदीन, कौशल कुमार व पायलट अरविंद, नन्द किशोर और अनुराग शामिल हैं।

कार्यवाहक सीएमओ ने पायलटों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सम्मानित हुए कर्मियों ने सेवा भावना की उत्कृष्ट मिशाल पेश की है। ऐसे समर्पित कर्मी आपात स्थिति में जीवन रक्षक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को इनसे सीख लेने को कहा। इस दौरान एंबुलेंस सेवा के क्षेत्रीय प्रबंधक शरदेंदु शुक्ल, कार्यक्रम प्रबंधक राजेश कन्नौजिया व जिला समन्वयक योगेन्द्र प्रताप सिंह, योगेश त्रिपाठी व विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## नगर कांग्रेस अध्यक्ष समेत 3 पदाधिकारियों का इस्तीफा

**अमृत विचार शुक्लागंज।** नगर कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के बीच विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष मयंक वाजपेयी ने पद से हटाकर जिला सचिव बनाए जाने से नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनके साथ ही दो अन्य पदाधिकारी राम किशोर पाल और संजय सिंह ने भी पार्टी छोड़ दी। मयंक वाजपेयी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा की कार्यप्रणाली पक्षपातपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद से हटाकर उन्हें सचिव बनाना अनुचित है। इससे आहत होकर उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। सभी ने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भेजते हुए आला कमान को पूरे प्रकरण की जानकारी दी है। इस घटनाक्रम से कांग्रेस संगठन में अंदरूनी कलह उजागर हो गई है।

# भूमि विवादों का शीघ्र हो निस्तारण : एडीएम

## सैनिक बंधु बैठक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला सैनिक बन्धु की बैठक पन्नालाल सभागार में एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें मौजूद पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की पूर्व से लंबित विभिन्न समस्याओं को एडीएम व स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा ने गंभीरता से सुना। पूर्व सैनिक हवलदार आदर्श शुक्ला व विमलेश चंद्र के भूमि विवाद संबंधी प्रकरण में एसडीएम सदर व वरासत संबंधी प्रकरण में एसडीएम बीघापुर से वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से शीघ्र निस्तारण कराकर आख्या प्रेषित करने को आदेशित किया गया। साथ ही अन्य शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को भी शीघ्र निस्तारण कर आख्या देने को निर्देशित किया गया। नये बिंदुओं में माकिया खातून के आवास के आसपास कूड़ा व गंदगी के प्रकरण में ईओ नगर पालिका को शहर में साफ-सफाई के लिये ब्लू प्रिंट उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह के अंश निर्धारण में त्रुटि सुधार हेतु एसडीएम बांगरमऊ, पूर्व सैनिक हरिकिशोर शुक्ला के भूमि विवाद संबधी प्रकरण में एसडीएम बीघापुर को स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही व आनरेरी लेफ्टिनेंट पूर्व सैनिक विनय प्रताप सिंह व पूर्व सैनिक हवलदार एके दीक्षित के लाइसेंस प्रकरण में प्रभारी अधिकारी आयुध को कार्यवाही हेतु आदेशित कर अन्य प्रकरणों में संबधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये गए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, मेजर सव्यसॉची साठे, ईओ नगर पालिका संजय गौतम, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर विद्युत, पूर्व सैनिक सूबेदार राजेश मिश्रा, पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर अनिल कुमार के अलावा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक व उनके आश्रित मौजूद रहे।




जिला सैनिक बंधु बैठक में मौजूद एडीएम अमिताभ यादव व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## संचारी रोग : निकाली जागरूकता रैली



संचारी रोग जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** क्षेत्र में संचारी व डायरिया रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 जुलाई तक चलेगा। संचारी रोग से बचाव के लिए मंगलवार को सीएचसी से एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर स्वास्थ्य कर्मियों व आशा कार्यकत्रियों ने एक जागरूकता रैली निकाली। जिसमें ग्रामीणों को संचारी रोग के बारे में जागरूक करने के साथ उससे बचाव के बारे में बताया गया। रैली में आशा कार्यकत्रियों ने जिले ने ठाना है संचारी रोग भगाना है, कचरा कचरेदानी में आप सोये मच्छरदानी में व जल भराव होगा जहां मच्छर पैदा होगे वहां आदि नारे लगाये। इस दौरान फार्मासिस्ट महेश साहू, यूनिसेफ मॉनिटर मो. आसिफ, एआरओ गौरी गुप्ता, बीपीएम मलखान सिंह, बीसीपीएम संगीता गौतम सहित संगिनी व आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### सरे ने डरहम के खिलाफ रिकॉर्ड 820 रन का स्कोर बनाया

**लंदन।** डोम सिबली की 10 घंटे की 305 रन की पारी और डैन लॉरेंस तथा विल जैक्स के तेज शतकों की बदौलत सरे ने किआ ओवल में 820-9 रन पर पारी घोषित की, जो क्लब के लंबे इतिहास में सबसे बड़ा प्रथम श्रेणी स्कोर है। 407-3 से आगे खेलते हुए, उन्होंने दूसरे दिन चाय के बाद तक बल्लेबाजी करते हुए 811 रन का 126 साल पुराना काउंटी रिकॉर्ड तोड़ा और कल 30 डिग्री के तापमान में डरहम की पीड़ा को और बढ़ा दिया। दिन की समाप्ति से पहले 28 ओवर की गेंदबाजी में, सरे ने कुछ चुनौतीपूर्ण गेंदबाजी के साथ जवाब में डरहम को 59-1 पर रोक दिया।

### रियू के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने की सीरीज में बराबरी

**नॉर्थम्प्टन।** विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रियू ने 131 रनों की धमाकेदार पारी खेलते हुए इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और नॉर्थम्प्टन में इंडिया अंडर-19 के ख़िलाफ़ दूसरे यूथ वनडे में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। रियू ने सिर्फ 73 गेंदों में शतक पूरा किया और 2012 में बेन फॉक्स द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए गए 79 गेंदों के सबसे तेज अंडर-19 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। रियू ने अपनी 89 गेंदों की पारी में 16 चौके और छह लंबे छक्के जड़े। टीम के कप्तान रियू ने रॉकी फ्लिंटॉफ (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 ओवरों में 123 रनों की साझेदारी की। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए सात रन चाहिए थे और टीम के नौ विकेट गिर चुके थे। सेब मॉर्गन ने शानदार चौका तीन गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिला दी और पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट शृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट शृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी शृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं भारत में शृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी शृंखला जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पास यह मौका होगा, लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है। इसके बाद एशेज खेलनी है।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद कहा, मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं। अगर भारत अगस्त में नहीं आ पाता है, तो वे अगली उपलब्ध विंडो में बांग्लादेश का दौरा करेंगे। बीसीसीआई ने बीसीबी को ऐसा वादा किया है। हालांकि इस दौरे को लेकर अनिश्चितता क्यों बनी है, इसका कोई कारण नहीं बताया गया। अमिनुल

### रॉयल्स को 6 खिलाड़ियों के 'ट्रेड-ऑफ' का प्रस्ताव मिला

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स 2026 आईपीएल के लिए अपनी टीम की संरचना पर फिर से विचार कर सकती है, जिसमें 6 खिलाड़ियों के लिए कई फ्रैंचाइजी ने 'ट्रेड-ऑफ' (खिलाड़ियों की अदला बदली) में दिलचस्पी दिखाई है। राजस्थान रॉयल्स ने द्वारा कोई नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन जिनके लिए ट्रेड-ऑफ की मांग होगी, उनमें से संजू सैमसन हो सकते हैं। सैमसन व राजस्थान की टीम फैसला करते हैं या नहीं इसका पता नहीं चल पाया है।

# भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

## दूसरे टेस्ट आज से : बल्लेबाजों की पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो ले सकें 20 विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा कि रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच के ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है।

**भारत-इंग्लैड पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला**



इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके शृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं।

इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे, लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे। बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कोई योगदान नहीं दिया जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साइ सुदर्शन और करूण नायर को खराब शुरुआत के बावजूद फिर मौका मिल सकता है।

दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी के कारण मैच से नाम वापिस ले लिया है लेकिन क्रिस वोक्स की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण आत्मविश्वास से भरा है ।उन्होंने दो बार भारत के पूरे दस विकेट लिये थे ।

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**मैच दोपहर 3 :30 बजे**

# एंड्रयू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड के अभ्यास सत्र में शामिल

- **मोईन अली ने की अभ्यास सत्र में शामिल शोएब बशीर की मदद**

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मोईन अली सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए थे और उन्होंने शोएब बशीर की मदद की जिससे यह युवा ऑफ स्पिनर बेहद उत्साहित दिखा।

बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले टीम के आखिरी अभ्यास सत्र में पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटॉफ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए दिखे। इंग्लैंड की टीम पिछले काफी समय से टेस्ट मैचों को आक्रामक रवैये के साथ खेल रही है और फ्लिंटॉफ से मुलाकात से टीम का हौसला बढ़ेगा। मैच की पूर्व संध्या पर स्टोक्स से इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में वापस लाने के चलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम नियमित तौर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ महान खिलाड़ियों से मदद लेने की कोशिश करते है। अभ्यास सत्र के दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों की



मौजूदगी से मौजूदा टीम के सदस्यों को काफी मूल्यवान सलाह मिलती है। आप इस तरह के माहौल में बातचीत कर सकते हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि मोईन के साथ बातचीत के बाद बशीर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि हमेशा बोर्डरूम में या टेबल के चारों ओर बैठकर किसी खास चीज के बारे में बात करना जरूरी नहीं होता। मुझे लगता है कि बशीर का मोईन से मिलना अच्छा है। बशीर बिल्कुल उत्साहित हैं। जब हम ऐसे अनुभवी लोगों को ड्रेसिंग रूम में बुलाते है और वे अगर मौजूदा खिलाड़ियों को सलाह देते है तो यह टीम के लिए अच्छा है।

# ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी**

भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।

प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने में कामयाब होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होगा। वहीं, क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे। आर प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान

**ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट**





के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

# स्टोक्स ने बुमराह फैक्टर को किया खारिज

- **इंग्लैंड के कप्तान ने खुद को पंत का बड़ा प्रशंसक बताया**

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को जसप्रीत बुमराह के 5 में से केवल 3 टेस्ट मैचों में उपलब्ध होने को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए इसे भारत की समस्या करार दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कड़ी चुनौती पेश करेगी।

बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे भारतीय टीम मज़बूत स्थिति में होने के बावजूद हार गई। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज़ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। भारत ने अभी तक यह तय नहीं किया कि बुमराह इंग्लैंड में किन 3 टेस्ट मैचों का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक मैच खेला है और उन्हें अब 4 मैचों में से 2 में खेलना है। इंग्लैंड की टीम हालांकि बुमराह को लेकर चिंतित नहीं है और उसका ध्यान शृंखला में अपनी बढ़त पर है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुमराह से जुड़े सवाल का कहा, यह भारत की



समस्या है। वे इससे निपट लेंगे। मैं इंग्लैंड का कप्तान हूं। भारतीय टीम के बारे में उन्होंने कहा, अच्छी टीम है। हमेशा कड़ी टक्कर देते हैं, मेहनत करते हैं। उसके खिलाड़ी जुनूनी हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों पर दबाव होता है लेकिन भारत की तरफ से विशेष कर क्रिकेट में अन्य टीमों की तुलना में अधिक दबाव होता है। पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ वह अतीत की बात है। यह नया मैच है और हम इसमें फिर से नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं।

स्टोक्स ने खुद को ऋषभ पंत का बड़ा प्रशंसक बताया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पंत के आक्रामक अंदाज को देखकर इंग्लैंड का कप्तान भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाया था। स्टोक्स ने कहा, भले ही वह विपक्षी टीम में हो, लेकिन मुझे पंत को क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद है। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलता है। पंत एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिससे क्रिकेट जगत ने उनकी प्रशंसा की।

# अल्काराज ने फोगनिनी को हराया




**लंदन, एजेंसी**

दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के अल्काराज ने साढे चार घंटे चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यो है। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं।

### पेगुला पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो से हार गईं। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था।

### विंबलडन में भी मशीन ने संभाला लाइन जज का काम

दुनिया के कई प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंटों की तरह अब विंबलडन में भी इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने लाइन जज का काम संभाल लिया है। दुनिया का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट सोमवार को जब शुरू हुआ तो सबसे बड़ा बदलाव यही देखने को मिला कि लाइन जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में आउट कह रही है।

# भारत के सामने इराक की चुनौती

**चियांग माइ (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी।

तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर से सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद 6 अंकों और +17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर +11 है। पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके 4 अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में 5 जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले

**एएफसी महिला क्वालीफायर**



मैच से 3 अंक पाने पर है। छेत्री ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक 8 मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित हुआ है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा कि यह



**गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार, **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह, **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाटे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह का पता चलेगा।

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

- **आईसीसी ने जारी की रैंकिंग शेफाली वर्मा 13वें और हरलीन देयोल 86वें स्थान पर पहुंची**

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे



स्थान पर पहुंच गई । वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की शृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की । मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

### हरमनप्रीत के खेलने पर फैसला मैच से ठीक पहले

**ब्रिस्टल।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 से एक दिन पहले ब्रिस्टल में अभ्यास सत्र में वापसी की। उन्हें पिछले हफ्ते ईसीबी डेवलपमेंट इलेवन के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच के दौरान सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्होंने 5 मैचों की शृंखला का पहला मुकाबला नहीं खेला था। हरमनप्रीत के खेलने को लेकर फैसला मैच के दिन ही लिया जाएगा। भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने सोमवार को बताया, यह सकारात्मक संकेत हैं कि हरमनप्रीत आज अभ्यास सत्र में शामिल हुईं। अभ्यास सत्र के बाद



उनका मूल्यांकन और निगरानी होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि हरमनप्रीत को सिर में चोट कब और कैसे लगी, लेकिन उस मैच में उन्होंने 16 गेंदों में 28 रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके थे। वह लेग स्पिनर सेरा ग्लेन की गेंद पर पगबाधा हुईं और भारत यह मैच 6 रन से हार गया था। उन्होंने प्री-सीरीज प्रेस वार्ता में भी भाग नहीं लिया और नॉटिंघम के पहले टी-20 में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की, जो भारत ने 97 रन से जीता। मंधाना ने इस मैच में अपना पहला टी-20 शतक लगाया, जिससे भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं।

# कजाकिस्तान: मुस्लिम महिलाओं के नकाब पहनने पर लगा प्रतिबंध

- बना कानून, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छिपा सकेंगी चेहरा

अस्ताना, एजेंसी

कजाकिस्तान ने मुस्लिम महिलाओं के नकाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही यह मध्य एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने महिलाओं के नकाब लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कानून द्वारा परिभाषित सीमित मामलों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से ऐसे कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो किसी व्यक्ति के चेहरे को छिपाते हैं। कानून में हालांकि स्पष्ट रूप से धार्मिक पोशाक का नाम नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि नकाब और बुर्का जैसे परिधानों को ध्यान में रखकर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नए कानून के तहत चेहरा ढकने वाले कपड़ों को विशिष्ट मामलों में जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों, चिकित्सा कारणों, खराब मौसम से सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के वास्ते ही अनुमति दी गई है। इससे पहले, किर्गिस्तान ने जनवरी 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया था। वहां के सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के धार्मिक परिधान सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तियों की पहचान करना मुश्किल बनाते हैं।

# बार्सिलोना में 100 साल में सबसे गर्म रहा जून 2025 का महीना

**पेरिस।** स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बार्सिलोना में जून का महीने 100 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया है। बार्सिलोना की कैन फैबरा वेधशाला ने औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जोकि 1914 के बाद से सर्वाधिक है।

इससे पहले बार्सिलोना में जून में सबसे अधिक गर्मी 2003 में दर्ज की गई थी जब औसत तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम केंद्र ने कहा कि सोमवार 30 जून को इस महीने का एक दिन का सबसे अधिक तापमान 37.9 डिग्री दर्ज किया गया। बार्सिलोना आमतौर पर स्पेन की भीषण गर्मी से बचा रहता है, क्योंकि यह शहर पहाड़ियों और भूमध्यसागर के बीच, स्पेन के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित है।

# जलवायु परिवर्तन का संकेत भी हैं बादल फटने की घटनाएं

बादल फटने का मतलब होता है, किसी स्थान पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होना, जो सामान्य कई गुना तेज और भारी होती है। यह एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक घटना होती है, जिसके अचानक बाढ़, भूस्खलन और जानमाल की हानि जैसे परिणाम सामने आते हैं। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मानसून के मौसम में ये घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं। खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं हुई हैं और 2010 के बाद से इन घटनाओं में तेजी देखी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। फिलहाल अधिकांश घटनाएं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही हैं। आईएमडी और राज्य सरकारें अब अधिक अलर्ट जारी करने लगी हैं।



### बादल फटने का वैज्ञानिक अर्थ

जब किसी छोटे क्षेत्र में बहुत ही तीव्र गति से 100 मिमी या उससे अधिक वर्षा एक घंटे के भीतर हो जाती है तो उसे बादल फटना कहा जाता है। यह घटना आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। गर्म और नम हवा जब तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी हवा से मिलती है, तब भारी मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर अचानक भारी वर्षा के रूप में गिरती है। कई बार बादल ऊपरी वायुमंडल में अटक जाते हैं और जब वे एक जगह फटते हैं तो मूसलाधार वर्षा होती है।

### ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ रहीं घटनाएं

वैज्ञानिक धारणा है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। जलवायु परिवर्तन पर कई वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बादल फटने जैसी घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार होने लगी हैं।

### ये होती है बर्बादी

बादल फटना विनाशकारी होता हैं। जानमाल की हानि तो होती ही है, सड़कें, इमारतें और पुल बहने जैसा ढांचागत नुकसान प्रभावित इलाके को कई साल पीछे धकेल देता है। कृषि भूमि और पशुधन की भारी बर्बादी होती है।

### कहर बरपाया था इन घटनाओं ने

- वर्ष 1970 में उत्तराखंड की अल्कनंदा घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ आई जिसमें सैकड़ों मौतें हुईं।
- वर्ष 2005 लद्दाख में बादल फटा, इसके बाद इतनी तेज बाढ़ आई कि कई गांव और तमाम लोग बह गए।
- वर्ष 2010 में जम्मू-कश्मीर के लेह में बादल फटने से दो सौ से ज्यादा मौतें हुईं। सेना को राहत कार्यों में लगाया।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, 5,000 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- वर्ष 2021 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद कई मकान बह गए और दर्जनों की मौत हो गई।
- वर्ष 2023 में भी जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार ये घटनाएं हुईं। बचाव कार्यों में सेना लगाई गई।

### अब सामान्य से ज्यादा घटनाएं

बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसकी घटनाएं अब सामान्य से अधिक हो रही हैं। इसके पीछे स्थानीय भूगोल, मानसून की तीव्रता और मानव जनित जलवायु परिवर्तन जैसी कई वजहें हैं। जलवायु परिवर्तन संकेत दे रहा है कि हमें भविष्य में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था।

### भारतीय नौसेना ने जहाज पर लगी आग पर काबू पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले एक टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया तथा जहाज में सवार चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। रविवार को जहाज से संकट की सूचना मिलने के बाद नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अग्निशमन अभियान शुरू किया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लग गई थी।

### भारत-फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं।

### पाकिस्तान में दो पुलिस दो कर्मियों की हत्या

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने कथित तौर पर गोली मारकर दो यातायात पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बंदूकधारी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में लोंगखेल रोड पर गुल बाज दखन के पास दोनों पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती चौक ताजाजई स्थित यातायात पुलिस चौकी पर थी। घटना के समय दोनों अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

# आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला

## न्यूयॉर्क में जयशंकर ने कहा- परमाणु ब्लैकमेल की पाकिस्तान की नीति भारत को रोक नहीं पाएगी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला आर्थिक युद्ध का नया कृत्य था जिसका मकसद कश्मीर में पर्यटन खत्म करना था। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परमाणु 'ब्लैकमेल' की पाकिस्तान की नीति भारत को पड़ोसी देश से उत्पन्न आतंकवाद का जवाब देने से नहीं रोक पाएगी।

जयशंकर ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से प्रेरित कई आतंकवादी हमले हुए हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में यही भावना है कि अब बहुत हो गया। समाचार पत्रिका 'न्यूजवीक' के सीईओ देव प्रगाद के साथ मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित प्रकाशन के मुख्यालय में आयोजित एक बातचीत के दौरान आई उन्होंने यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमला एक आर्थिक युद्ध का कृत्य था। इसका उद्देश्य कश्मीर में पर्यटन को तबाह करना था, जो वहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इसका उद्देश्य धार्मिक हिंसा को भड़काना भी था क्योंकि लोगों को मारने से पहले उनसे उनके धर्म के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने कहा, इसलिए हमने तय किया कि हम आतंकवादियों को दंडित किए बिना नहीं छोड़ सकते। वे सीमा के उस तरफ हैं और इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती, मुझे लगता है कि इस तरह के विचार को चुनौती देने की आवश्यकता है और हमने यही किया। जयशंकर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं और मंगलवार को चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी जाएंगे। 'क्वाड' चार देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का समूह है। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' (द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म) शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करके की।



न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ जयशंकर।

### पाकिस्तान में कॉरपोरेट मुख्यालय जैसे हैं आतंकी ठिकाने

जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने हैं। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।

# भारत और अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक संबंध, इन्हें चीन के नजरिए से देखना भ्रामक

- कहा- भारतीय समुदाय देता है अमेरिका में बड़ा योगदान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को केवल चीन के नजरिये से आंकना उनका बहुत अधिक सरलीकरण है और कई बार यह भ्रामक भी हो सकता है।

उनसे पूछा गया था कि भारत-अमेरिका के संबंध किस हद तक चीन के संदर्भ में उसका रुख जाहिर करते है। जयशंकर ने 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके सीईओ देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य पहलुओं से जुड़े हुए हैं, जैसे कि बड़ा भारतीय समुदाय जो अमेरिका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह 'गेम-चेंजर' साबित होगा। इसका चीन से कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन और दिल्ली के बीच बहुत मजबूत आर्थिक संबंध हैं।

उन्होंने कहा, हमारे व्यापार के आंकड़ों को देखें और उस व्यापार की हमारी संबंधित अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिकता को देखें। हमारे प्रौद्योगिकी संपर्क को देखें। रक्षा या सुरक्षा सहयोग को भी चीन से जोड़ने की प्रवृत्ति है, लेकिन हम वैश्विक नौवहन के लिए अरब सागर को सुरक्षित रखने के वास्ते काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की कुछ वास्तविकताएं हैं और उनमें से एक यह है कि अमेरिका और चीन के बीच का रिश्ता अब वैसा नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इसमें अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धात्मकता आ गई है।

जयशंकर ने कहा, साफ तौर पर कहूं तो, जहां तक हमारा सवाल है, हम इन दोनों देशों (अमेरिका और चीन) को इस नजरिए से देखते हैं कि उन्होंने एक-दूसरे को लेकर अपनी-अपनी सोच तय कर ली है। निश्चित रूप से इसमें रणनीति भी शामिल होगी। वे एक-दूसरे के प्रति एक व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण रखते हैं।

# ट्रंप पर फिर भड़के मस्क नई पार्टी बनाने का आह्वान

- कहा- पागलपन भरे बिल से आम अमेरिकियों को होगा बड़ा नुकसान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आह्वान किया है। मस्क ने कहा, इस पागलपन भरे विधेयक में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा।

मस्क ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है। ट्रंप के प्रमुख व्यय बिल 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' की आलोचना उन्होंने ऐसे समय में की है जब एक सप्ताहांत की बातचीत और देरी के बाद सीनेट में घरेलू नीति विधेयक का मैराथन मतदान सत्र चल रहा है।

सीएनएन के मुताबिक सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने सदन में संवाददाताओं को बताया, उम्मीद है कि हम जल्द ही जान जाएंगे कि क्या रिपब्लिकन के पास विधेयक को पारित करने के लिए वोट हैं। उन्होंने कहा, इसमें थोड़ा समय लग सकता है। मस्क ने रिपब्लिकन विरोधी बयानबाजी को बढ़ा दिया है, विधेयक के 'पागलपन खर्च' की आलोचना की और दावा किया कि यह रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट से अलग नहीं दिखाता है।

### समर्थन जुटाने में जुटे रिपब्लिकन सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में ट्रंप के महत्वाकांक्षी विधेयक पर बहस मंगलवार को भी जारी रही। सोमवार को रात भर हंगामेदार सत्र में रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कवायद में लगे नजर आए। विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने की कोशिशों में लगे रहे। सीनेट में बहुमत के नेता और साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेटर जॉन थून अपनी पार्टी के उन सदस्यों के बीच समझौता कराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, जो इस बात से चिंतित हैं कि विधेयक में 'मेडिकेड' में प्रस्तावित कटौती से लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल बीमा से वंचित हो जाएंगे।

# थाईलैंड: अदालत ने प्रधानमंत्री शिनावात्रा को किया निलंबित

- फोन पर सेना विरोधी बातचीत लीक होने के मामले में कार्रवाई

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर हुई उनकी सेना विरोधी बातचीत के लीक होने के मामले की जांच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया है।

अदालत ने संविधान उल्लंघन को लेकर सुश्री शिनावात्रा के खिलाफ दायर याचिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नेशन थाईलैंड की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीशों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से शिनावात्रा पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार किया और उन्हें पद से निलंबित करने के लिए सात से दो मतों से मतदान किया।

गौरतलब है कि शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर देश में बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को हुआ एक सशस्त्र टकराव शामिल है। इसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था।

### इक्वाडोर: पूर्व उपराष्ट्रपति को 13 साल की कैद

**क्विटो।** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से यह सजा सुनाई गई।

# यूक्रेन ने 1300 किमी दूर रूस में औद्योगिक संयत्र को बनाया ड्रोन हमले का निशाना

- दोनों देशों में अपनी ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और उसके इस्तेमाल की बढ़ी होड़

**कीव।** यूक्रेन ने देश से लगभग 1,300 किमी दूर एक रूसी औद्योगिक संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हथियारों के विकास को प्राथमिकता दी है और रूस ने जून में यूक्रेन पर रिकार्ड संख्या में ड्रोन हमले किए हैं।

रूस द्वारा फरवरी 2022 में पड़ोसी देश यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध में दोनों पक्षों के बीच ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और युद्ध के मैदान में उनका उपयोग बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। दोनों देशों ने परिष्कृत और घातक ड्रोन तैनात किए हैं, जिससे युद्ध नए हथियारों के लिए परीक्षण का मैदान बन गया है। यूक्रेन पर रूस की ओर से लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मोर्चे पर कई जगहों पर भारी दबाव है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि उसकी रक्षा अधिकांश स्थानों पर मजबूत बनी हुई है। हाल ही में सीधे शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई है, इसलिए अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद रूस और यूक्रेन हथियार भंडार बढ़ा रहे हैं।

## अनुष्ठान



महाराष्ट्र के सोलापुर के अकलुज में संत तुकाराम महाराज की पालकी यात्रा के दौरान वृत्ताकार रिंगन नामक अनुष्ठान में भाग लेते भक्त। असल में यह एक गोलाकार घेरे में प्रतीकात्मक घोड़ों के पीछे नंगे पैर दौड़ने की एक पुरानी प्रथा है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। एजेंसी

# एक महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता का पद मासिक आधार पर 15 सदस्यों के बीच वर्णानुक्रम में बदलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान से कहा, पाकिस्तान की अध्यक्षता पारदर्शी, समावेशी और उत्तरदायी होगी।

# नीट यूजी में बिजली गुल दोबारा परीक्षा का आदेश

- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का 75 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के दौरान बिजली गुल हो जाने से प्रभावित उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा है कि इन उम्मीदवारों की कोई भी गलती न होने के बावजूद उन्हें बिजली कटौती के कारण नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया गया था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने नीट-यूजी के कई उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पिछले माह सुरक्षित रख लिया था।



याचिकाकर्ताओं के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि उन्हें अदालत के 23 जून के आदेश की प्रति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर और उज्जैन में हुई नीट-यूजी परीक्षा में बैठे करीब 75 उम्मीदवारों को इस आदेश का फायदा मिलेगा जिनके परीक्षा केंद्र में बिजली गुल हो गई थी।

# कोर्ट ने रूस के पूर्व उप रक्षामंत्री को 13 साल की सजा सुनाई

**मॉस्को।** रूस के पूर्व उप रक्षा मंत्री को मंगलवार को गबन और धन शोधन के जुर्म में दोषी ठहराया गया और उन्हें 13 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

इस मामले ने बड़े सैन्य भ्रष्टाचार को उजागर किया था, जिसे यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य असफलताओं के लिए व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया था। तिमूर इवानोव सैन्य भ्रष्टाचार की व्यापक जांच में सबसे चर्चित व्यक्ति है, जिसमें पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के करीबी कई अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। शोइगु पूर्व वरिष्ठ अधिकारी थे और उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्हें रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव का नया उच्च-स्तरीय पद दिया गया। इवानोव(49) को 2016 में उप रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

श्रद्धा

मौके पर ही शुरू हुआ पंजीकरण, कल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जम्मू, एजेंसी

जम्मू में प्रशासन की ओर से अमरनाथ यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद मंगलवार को देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां जम्मू पहुंचे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर तीन जुलाई को शुरू होगी।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर में जोश में नजर आए तीर्थयात्री।

तीर्थयात्रियों का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां शालीमार इलाके में अपंजीकृत श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर परिसर में साधुओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर बनाया गया है।

उन्होंने कहा, पंजीकरण वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा समेत तीन केंद्रों पर किया जा रहा है। सरस्वती धाम एकमात्र केंद्र है, जहां से भक्त टोकन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण केंद्र सुबह सात बजे खुल गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू स्थित राम मंदिर में साधुओं का पंजीकरण शुरू हो गया है और उनके लिए सभी इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक साधु राम मंदिर परिसर में पहुंचे हैं, जो उनके लिए आधार शिविर है। उन्होंने बताया कि यहां उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्री कल कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा पर जाने के लिए यहां भगवती नगर आधार शिविर पहुंचे हैं।

### ठहराव केंद्रों पर 50 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था

संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया, जम्मू क्षेत्र में लखनपुर से बनिहाल तक विभिन्न ठहराव केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस उद्देश्य के लिए कुल 106 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुमार ने बताया कि यात्रा दो जुलाई को जम्मू से शुरू होगी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा, यात्रा औपचारिक रूप से तीन जुलाई को कश्मीर से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों में उत्साह साफ देखा जा सकता है। भगवती नगर आधार शिविर में पहुंचे पंजाब के संतोख सिंह ने कहा कि यह नौवीं बार है जब वह अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए आए हैं।